गुरुत्व कार्यालय द्वारा प्रस्तुत मासिक ई-पत्रिका मार्च-2021

गुरुत्व ज्योतिष

शिवरात्रि विशेष

Nonprofit Publications

FREE
E CIRCULAR
For Premium User

गुरुत्व ज्योतिष
मासिक ई-पत्रिका
मार्च-2021

संपादक

चिंतन जोशी

संपर्क

गुरुत्व ज्योतिष विभाग

गुरुत्व कार्यालय

92/3. BANK COLONY,
BRAHMESHWAR PATNA,
BHUBNESWAR-751018,
(ODISHA) INDIA

फोन

91+9338213418,
91+9238328785,

ईमेल

gurutva.karyalay@gmail.com,
gurutva_karyalay@yahoo.in,

वेब

www.gurutvakaryalay.com
www.gurutvakaryalay.in
http://gk.yolasite.com/
www.shrigems.com
www.gurutvakaryalay.blogspot.com/

पत्रिका प्रस्तुति

चिंतन जोशी,
गुरुत्व कार्यालय

फोटो ग्राफिक्स

चिंतन जोशी,
गुरुत्व कार्यालय

अनुक्रम

स्थायी और अन्य लेख

इस विशेषांक अंक में पढ़े

प्रिय आत्मिय,

बंधु/ बहिन

जय गुरुदेव

वक्रतुंड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ:
निर्विघ्नं कुरु मे देव: सर्वकार्येषु सर्वदा

महाशिवरात्रि पर्व प्रति वर्ष फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को मनाया जाता हैं। एसी मान्यता हैं कि सृष्टि के प्रारंभ में इसी दिन मध्य रात्रि भगवान शिवजी का ब्रह्मा रुप से रुद्र रूप में अवतार हुआ था। प्रलय के समय में इसी दिन प्रदोष के समय भगवान शिव तांडव करते हुए समग्र ब्रह्मांड को अपने तीसरे नेत्र की ज्वाला से समाप्त कर देते हैं। इसीलिए इसे महाशिवरात्रि कहाजाता हैं।

शिवरात्रि व्रतम् नाम सर्वपाम् प्रणाशनम्।
आचाण्डाल मनुष्याणम् भुक्ति मुक्ति प्रदायकं॥

भावार्थ:- शिव रात्रि नाम वाला व्रत समस्त पापों का शमन करने वाला हैं। इस दिन व्रत कर ने से दुष्ट मनुष्य को भी भक्ति मुक्ति प्राप्त होती हैं।

पोराणिक मान्यता के अनुशार जब सृष्टि के चारों ओर केवल अंधकार का अस्तित्व था उस समय ना पंचमहाभूत तत्वो का अस्तित्व अस्तित्व था, ना सूर्य-चंद्र-तारे-ग्रह नक्षत्रो का कोई अस्तित्व था उस समय केवल भगवान शिव की ही सत्ता थी जो अनादि एवं अनंत हैं।

उस समय भगवान शिव को सृष्टि की रचना करने की इच्छा जाग्रत हुई। शिवजी की एक से अनेक होने की इच्छा हुई। शिवजी के अंतरमन में सृष्टि की रचना का संकल्प जन्म लेते ही भगवान शिव ने अपनी परा शक्ति जगत जननी शक्ति को प्रकट किया। शिवजी ने शक्ति से कहा, देवी हमें सृष्टि की उत्तम रचना के लिए किसी दूसरे पुरुष का सृजन करना होगा। जो अपने कन्धे पर सृष्टि के संचालन का भार उठाने में समर्थ हो और हम मुक्त समस्त बंधनो से मुक्त होकर सुखा-नन्दपूर्वक विचरण कर सकें। इतना कहते ही भगवान शिव व शक्ति साथ एकाएक हो गये और अपने वाम अंगों के दसवें भाग पर अमृत मल कर भगवान विष्णु की उत्तपन्न किया जो एक दिव्य पुरुष व अतुलनीय सौंदर्य से परिपूर्ण थे। शिवजी ने उन्हें विष्णु नाम दिया और उन्हें उत्तम तप करने का आदेश देते हुए कहा, वत्स सम्पूर्ण सृष्टि के संचालन का उत्तरदायित्व मैं तुम्हे सौंपता हूं।

भगवान विष्णु द्वारा कठोर तप करने के कारण उनके अंगों से असंख्य जल की धाराएं निकलने लगीं जिनसे सूना आकाश भर गया। क्लान्त में विष्णुजी ने उसी जल में शयन किया। जल का अर्थ नार होता हैं, और जल में शयन करने के कारण ही भगवान विष्णु का एक नाम नारायण हुआ एसा माना जाता हैं।

कुछ समय पश्चात भगवान विष्णु के शयन करते वक्त उनकी नाभि से निकलकर एक उत्तम कमल का पुष्प अस्तित्व में कमल पर शिव ने अपने दाहिने अंग से चतुर्मुख ब्रह्मा को प्रकट किया। उत्पत्ति के बाद ब्रह्मा जी दीर्घ अवधि तक उस कमल के नाल में भ्रमण करते रहे और अपने उत्पत्ति कर्ता को ढूंढते रहे, पर कुछ भी पता नहीं चला। तब एक आकाशवाणी हुई, जिसके आदेश पर ब्रह्मा जी ने निरंतर बारह वर्षों तक कठोर तप किया।

बारहवें वर्ष की समाप्ति पर ब्रह्मा जी के समक्ष भगवान विष्णु प्रकट हुए। भगवान शिव ने लीला कर विष्णुजी एवं ब्रह्माजी के मध्य विवाद हो गया। विवाद दोनों के बीच एक दिव्य स्तम्भनुमा विशाल शिवलिंद प्रकट हुआ परंतु दोनो देव अथक प्रयास करने के उपरांत भी शिवलिंग के आदि-अंत का पता नहीं लगा सके। अंत में हारकर भगवान विष्णु ने अपने दोनों हाथ जोड़कर प्रार्थना की महाप्रभो !हम आपके स्वरूप को जान सकने में असमर्थ हैं। आप जो भी हो, हमारे ऊपर कृपा करें तथा प्रकट हों।

भगवान विष्णु की प्रार्थना सुनकर भगवान शिव प्रकट हो गये। उन्होंने कहा, मैं तुम दोनों के कठोर तप और भक्ति से प्रसन्न हूं। ब्रह्मन् !मैं तुम्हें समस्त सृष्टि का उत्तरदायित्व सौंपता हूं और समस्त विश्व के पालन का उत्तरदायित्व विष्णु को सौंपता हूं । इतना कहकर भगवान शिव ने अपने हृदयभाग से रुद्र को प्रकट किया और रुद्र को संहार का उत्तरदायित्व सौंपकर अंतर्धान हो गये।

अतः शिवके साक्षात ब्रह्म स्वरुप शिवलिंगकी पूजा-अर्चना अनादिकालसे विश्वव्यापक रही हैं। संसार के सबसे प्राचीन ग्रन्थो में इसका उल्लेख मिलता हैं।

वैसे तो भगवान शिव भोले भंडारी हैं जो थोडीसी पूजा अर्चना मात्र से प्रसन्न हो जाते हैं। शिवजी को प्रसन्न करने हेतु सोमवार, माह की दोनो चतुर्दशी, प्रदोष व्रत, माह श्रावण मास इत्यादि अति शुभ माने गए हैं, इस विशेष शुभ अवसरो पर अल्प समय में, अल्प प्रयासो से, आप अपने कार्य-उद्देश्य एवं अनुकूलता हेतु भगवान शिव को प्रसन्न कर सके जिस्से आपको पूर्ण लाभ प्राप्त हो इस लिये अनेको अति सरल प्रयोगो का समावेस इस अंक में किया गया हैं। इस्से अतिरिक्त यदि आप कोई पूजा-पाठ, मंत्र जाप इत्यादि नहीं कर सकते तो किसी विद्वान पंडित या ब्राह्मण द्वारा उसे संपन्न करवा सकते हैं। यदि यह भी संभव न हो तो आप गुरुत्व कार्यालय द्वारा संपूर्ण मंत्र सिद्ध प्राण प्रतिष्ठित शिव यंत्र-कवच, महामृत्युंजय यंत्र-कवच और अन्य सामग्रीयां प्राप्त कर भगवान शिव का आशिर्वाद सरलता से प्राप्त कर सकते हैं इस में लेस मात्र संदेह नहीं हैं।

इस मासिक ई-पत्रिका में संबंधित जानकारीयों के विषय में साधक एवं विद्वान पाठको से अनुरोध हैं, यदि दर्शाये गए मंत्र, श्लोक, यंत्र, साधना एवं उपायों या अन्य जानकारी के लाभ, प्रभाव इत्यादी के संकलन, प्रमाण पढ़ने, संपादन में, डिजाईन में, टाईपींग में, प्रिंटिंग में, प्रकाशन में कोई त्रुटि रह गई हो, तो उसे स्वयं सुधार लें या किसी योग्य ज्योतिषी, गुरु या विद्वान से सलाह विमर्श कर ले । क्योकि विद्वान ज्योतिषी, गुरुजनो एवं साधको के निजी अनुभव विभिन्न मंत्र, श्लोक, यंत्र, साधना, उपाय के प्रभावों का वर्णन करने में भेद होने पर कामना सिद्धि हेतु कि जाने वाली वाली पूजन विधि एवं उसके प्रभावों में भिन्नता संभव हैं।

आपका जीवन सुखमय, मंगलमय हो भगवान शिव की कृपा आपके परिवार पर बनी रहे। भगवान शिव से यही प्राथना हैं...

आपको एवं आपके परिवार के सभी सदस्यों को गुरुत्व कार्यालय परिवार की और से महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं...

चिंतन जोशी

***** मासिक ई-पत्रिका से संबंधित सूचना *****

- ई-पत्रिका में प्रकाशित सभी लेख गुरुत्व कार्यालय के अधिकारों के साथ ही आरक्षित हैं।
- ई-पत्रिका में वर्णित लेखों को नास्तिक/अविश्वासु व्यक्ति मात्र पठन सामग्री समझ सकते हैं।
- ई-पत्रिका में प्रकाशित लेख आध्यात्म से संबंधित होने के कारण भारतिय धर्म शास्त्रों से प्रेरित होकर प्रस्तुत किया गया हैं।
- ई-पत्रिका में प्रकाशित लेख से संबंधित किसी भी विषयो कि सत्यता अथवा प्रामाणिकता पर किसी भी प्रकार की जिन्मेदारी कार्यालय या संपादक कि नहीं हैं।
- ई-पत्रिका में प्रकाशित जानकारीकी प्रामाणिकता एवं प्रभाव की जिन्मेदारी कार्यालय या संपादक की नहीं हैं और ना हीं प्रामाणिकता एवं प्रभाव की जिन्मेदारी के बारे में जानकारी देने हेतु कार्यालय या संपादक किसी भी प्रकार से बाध्य हैं।
- ई-पत्रिका में प्रकाशित लेख से संबंधित लेखो में पाठक का अपना विश्वास होना आवश्यक हैं। किसी भी व्यक्ति विशेष को किसी भी प्रकार से इन विषयो में विश्वास करने ना करने का अंतिम निर्णय स्वयं का होगा।
- ई-पत्रिका में प्रकाशित लेख से संबंधित किसी भी प्रकार की आपत्ती स्वीकार्य नहीं होगी।
- ई-पत्रिका में प्रकाशित लेख हमारे वर्षो के अनुभव एवं अनुशंधान के आधार पर दिए गये हैं। हम किसी भी व्यक्ति विशेष द्वारा प्रयोग किये जाने वाले धार्मिक, एवं मंत्र- यंत्र या अन्य प्रयोग या उपायोकी जिन्मेदारी नहिं लेते हैं। यह जिन्मेदारी मंत्र- यंत्र या अन्य उपायोको करने वाले व्यक्ति कि स्वयं कि होगी।
- क्योकि इन विषयो में नैतिक मानदंडों, सामाजिक, कानूनी नियमों के खिलाफ कोई व्यक्ति यदि नीजी स्वार्थ पूर्ति हेतु प्रयोग कर्ता हैं अथवा प्रयोग के करने मे त्रुटि होने पर प्रतिकूल परिणाम संभव हैं।
- ई-पत्रिका में प्रकाशित लेख से संबंधित जानकारी को माननने से प्राप्त होने वाले लाभ, लाभ की हानी या हानी की जिन्मेदारी कार्यालय या संपादक की नहीं हैं।
- हमारे द्वारा प्रकाशित किये गये सभी लेख, जानकारी एवं मंत्र-यंत्र या उपाय हमने सैकडोबार स्वयं पर एवं अन्य हमारे बंधुगण पर प्रयोग किये हैं जिस्से हमे हर प्रयोग या कवच, मंत्र-यंत्र या उपायो द्वारा निश्चित सफलता प्राप्त हुई हैं।
- ई-पत्रिका में गुरुत्व कार्यालय द्वारा प्रकाशित सभी उत्पादों को केवल पाठको की जानकारी हेतु दिया गया हैं, कार्यालय किसी भी पाठक को इन उत्पादों का क्रय करने हेतु किसी भी प्रकार से बाध्य नहीं करता हैं। पाठक इन उत्पादों को कहीं से भी क्रय करने हेतु पूर्णतः स्वतंत्र हैं।

अधिक जानकारी हेतु आप कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

(सभी विवादो केलिये केवल भुवनेश्वर न्यायालय ही मान्य होगा।)

पूर्व प्रकाशित अंकों को डाउनलोड करने के लिए

जीके प्रीमियम सदस्यता प्राप्त करें।

Get a **GK Premium Membership**

For Download All Old Edition

Only Rs.590 (All Tax included)

Year	Number of Publication
2010	5 Editions
2011	12 Edition
2012	12 Edition
2013	9 Edition (6 Monthly + 3 Weekly in English)
2014	5 Edition
2015	3 Edition
2016	1 Edition
2017	1 Edition
2018	13 Edition (3 Monthly+10 Weekly In Hindi)
2019	7 Edition
2020	12 Edition
2021	3 Edition
Total	83 Old Published Edition | Total File Size 421 MB **(Compress Zip File size 376 MB)**

हमारी गुरुत्व ज्योतिष ई-पत्रिका के आज तक प्रकाशित सभी अंको को सरलता से डाउनलोड करने की अनुमति प्राप्त कर सकते हैं।

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें।

GURUTVA KARYALAY

92/3. BANK COLONY, BRAHMESHWAR PATNA, BHUBNESWAR-751018, (ODISHA)

Call us: 91 + 9338213418, 91+ 9238328785

Mail Us: gurutva.karyalay@gmail.com, gurutva_karyalay@yahoo.in,

Visit Us: www.gurutvakaryalay.com | www.gurutvakaryalay.in

मार्च 2021 मासिक पंचांग

दि	वार	माह	पक्ष	तिथि	समाप्ति	नक्षत्र	समाप्ति	योग	समाप्ति	करण	समाप्ति	चंद्र राशि	समाप्ति
1	सोम	फाल्गुन	कृष्ण	द्वितीया-तृतीया	08:29-29:37	उत्तराफाल्गुनी	07:36	शूल	13:00	गर	08:29	कन्या	-
2	मंगल	फाल्गुन	कृष्ण	चतुर्थी	26:48	चित्रा	27:28	गंड	09:32	बव	16:12	कन्या	16:30
3	बुध	फाल्गुन	कृष्ण	पंचमी	24:8	स्वाति	25:35	ध्रुव	26:50	कौलव	13:27	तुला	-
4	गुरु	फाल्गुन	कृष्ण	षष्ठी	21:44	विशाखा	23:57	व्याघात	23:46	गर	10:54	तुला	18:21
5	शुक्र	फाल्गुन	कृष्ण	सप्तमी	19:39	अनुराधा	22:37	हर्षण	20:56	विष्टि	08:39	वृश्चिक	-
6	शनि	फाल्गुन	कृष्ण	अष्टमी	17:54	जेष्ठा	21:37	वज्र	18:22	कौलव	17:54	वृश्चिक	21:37
7	रवि	फाल्गुन	कृष्ण	नवमी	16:31	मूल	20:58	सिद्धि	16:04	गर	16:31	धनु	-
8	सोम	फाल्गुन	कृष्ण	दशमी	15:30	पूर्वाषाढ़	20:40	व्यतिपात	14:02	विष्टि	15:30	धनु	26:38
9	मंगल	फाल्गुन	कृष्ण	एकादशी	14:49	उत्तराषाढ़	20:41	वरियान	12:15	बालव	14:49	मकर	-
10	बुध	फाल्गुन	कृष्ण	द्वादशी	14:30	श्रवण	21:02	परिघ	10:44	तैतिल	14:30	मकर	-
11	गुरु	फाल्गुन	कृष्ण	त्रयोदशी	14:32	धनिष्ठा	21:45	शिव	09:30	वणिज	14:32	मकर	09:21
12	शुक्र	फाल्गुन	कृष्ण	चतुर्दशी	14:58	शतभिषा	22:50	सिद्धि	08:32	शकुनि	14:58	कुंभ	-
13	शनि	फाल्गुन	कृष्ण	अमावस्या	15:50	पूर्वाभाद्रपद	24:21	साध्य	07:54	नाग	15:50	कुंभ	17:56
14	रवि	फाल्गुन	शुक्ल	प्रतिपदा	17:10	उत्तराभाद्रपद	26:19	शुभ	07:36	बव	17:10	मीन	-
15	सोम	फाल्गुन	शुक्ल	द्वितीया	18:57	रेवति	28:43	शुक्ल	07:40	कौलव	18:57	मीन	28:43
16	मंगल	फाल्गुन	शुक्ल	तृतीया	21:10	अश्विनी	-	ब्रह्म	08:04	तैतिल	08:01	मेष	-

17	बुध	फाल्गुन	शुक्ल	चतुर्थी	23:44	अश्विनी	07:30	इन्द्र	08:46	वणिज	10:25	मेष	-
18	गुरु	फाल्गुन	शुक्ल	पंचमी	26:27	भरणी	10:34	वैधृति	09:42	बव	13:05	मेष	17:22
19	शुक्र	फाल्गुन	शुक्ल	षष्ठी	29:7	कृतिका	13:43	विषकुंभ	10:43	कौलव	15:48	वृष	-
7	शनि	फाल्गुन	शुक्ल	सप्तमी	-	रोहिणि	16:45	प्रीति	11:39	गर	18:22	वृष	30:09
21	रवि	फाल्गुन	शुक्ल	सप्तमी	07:30	मृगशिरा	19:24	आयुष्मान	12:21	वणिज	07:30	मिथुन	-
22	सोम	फाल्गुन	शुक्ल	अष्टमी	09:19	आद्रा	21:27	सौभाग्य	12:38	बव	09:19	मिथुन	-
23	मंगल	फाल्गुन	शुक्ल	नवमी	10:24	पुनर्वसु	22:45	शोभन	12:22	कौलव	10:24	मिथुन	16:31
24	बुध	फाल्गुन	शुक्ल	दशमी	10:38	पुष्य	23:12	अतिगंड	11:27	गर	10:38	कर्क	-
25	गुरु	फाल्गुन	शुक्ल	एकादशी	09:59	आश्लेषा	22:48	सुकर्मा	09:51	विष्टि	09:59	कर्क	22:48
26	शुक्र	फाल्गुन	शुक्ल	द्वादशी - त्रयोदशी	08:30-30:17	मघा	21:39	धृति	07:36	बालव	08:30	सिंह	-
27	शनि	फाल्गुन	शुक्ल	चतुर्दशी	27:30	पूर्वाफाल्गुनी	19:51	गंड	25:27	गर	16:57	सिंह	25:20
28	रवि	फाल्गुन	शुक्ल	पूर्णिमा	24:17	उत्तराफाल्गुनी	17:35	वृद्धि	21:48	विष्टि	13:56	कन्या	-
29	सोम	चैत्र	कृष्ण	प्रतिपदा	20:51	हस्त	15:01	ध्रुव	17:55	बालव	10:35	कन्या	25:42
30	मंगल	चैत्र	कृष्ण	द्वितीया	17:21	चित्रा	12:21	व्याघात	13:58	तैतिल	07:06	तुला	-
31	बुध	चैत्र	कृष्ण	तृतीया	13:57	स्वाति	09:44	हर्षण	10:04	विष्टि	13:57	तुला	25:56

विशेष सूचना: 1). सभी समय भारतीय समय अनुसार 24 घण्टे के अनुसार दर्शाये गए हैं।, 2). भारतीये पंचांग में दिन का आरंभ सूर्योदय से होकर है तथा अगले दिन सूर्योदय के पूर्व दिन को समाप्त माना जाता है। 3). आधी रात (रात 12 बजे / 24 Hr) के बाद के समय को आगामि दिन के समय को (सूर्योदय से पूर्व) दर्शाने के लिए आगामि दिन से जोड़ कर दर्शाया हैं। 4). पंचांग गणना को भारत की राष्ट्रीय राजधानी **नई दिल्ली** के अनुसार दर्शाया गए हैं।

मार्च 2021 मासिक व्रत-पर्व-त्यौहार

दि	वार	माह	पक्ष	तिथि	समाप्ति	प्रमुख व्रत-त्योहार
1	सोम	फाल्गुन	कृष्ण	द्वितीया-तृतीया	08:29-29:37	
2	मंगल	फाल्गुन	कृष्ण	चतुर्थी	26:48	संकष्टी श्रीगणेशचतुर्थी व्रत (चं.उ.रा.09:41) ,
3	बुध	फाल्गुन	कृष्ण	पंचमी	24:8	श्रीमहाकालेश्वर नवरात्र प्रारंभ (उज्ज),
4	गुरु	फाल्गुन	कृष्ण	षष्ठी	21:44	
5	शुक्र	फाल्गुन	कृष्ण	सप्तमी	19:39	
6	शनि	फाल्गुन	कृष्ण	अष्टमी	17:54	जानकी जयंति, कालाष्टमी व्रत, सीताष्टमी व्रत, अष्टका श्राद्ध, होराष्टमी, वैक्कटाष्टमी,
7	रवि	फाल्गुन	कृष्ण	नवमी	16:31	समर्थ गुरु श्रीरामदास जयंती,
8	सोम	फाल्गुन	कृष्ण	दशमी	15:30	स्वामी दयानंद सरस्वती जन्मतिथि,
9	मंगल	फाल्गुन	कृष्ण	एकादशी	14:49	विजया एकादशी व्रत (सर्वे)
10	बुध	फाल्गुन	कृष्ण	द्वादशी	14:30	वंजुली महाद्वादशी व्रत, प्रदोष व्रत,
11	गुरु	फाल्गुन	कृष्ण	त्रयोदशी	14:32	शिव चतुर्दशी व्रत,महाशिवरात्रि व्रतोत्सव, गौरी शंकर विवाह उत्सव, श्रीवैद्यनाथ जयंती, कृत्तिवासेश्वर दर्शन (काशी), द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन एवं पूजन, श्रीमहाकालेश्वर नवरात्र पूर्ण (उज्जयिनी),
12	शुक्र	फाल्गुन	कृष्ण	चतुर्दशी	14:58	
13	शनि	फाल्गुन	कृष्ण	अमावस्या	15:50	स्नान-दान-श्राद्ध हेतु उत्तम फाल्गुनी अमावस्या,
14	रवि	फाल्गुन	शुक्ल	प्रतिपदा	17:10	मीन संक्रान्ति का पुण्यकाल तथा महा पुण्यकाल संध्या 06:18 से संध्या 06:29 तक (11 मिनट), संक्रान्ति के स्नान-दान का पुण्यकाल संध्या 06:18 बजे से, गौ-अन्न दान श्रेष्ठ, गोदावरी में स्नान का विशेष महत्व, पुत्र-प्राप्ति हेतु 12 दिनों का पयोव्रत प्रारंभ, कस्तूरबा गांधी स्मृति दिवस, मौलाना आजाद स्मृति दिवस,
15	सोम	फाल्गुन	शुक्ल	द्वितीया	18:57	फुलेरा दूज, नवीन चंद्र दर्शन, श्रीरामकृष्ण परमहंस जयंती
16	मंगल	फाल्गुन	शुक्ल	तृतीया	21:10	मधुकतृतीया,

17	बुध	फाल्गुन	शुक्ल	चतुर्थी	23:44	वरदविनायक चतुर्थी व्रत (चं.अस्त.रा.10:01), संत चतुर्थी, मनोरथ चतुर्थी व्रत, अविघ्नकर चतुर्थी व्रत,
18	गुरु	फाल्गुन	शुक्ल	पंचमी	26:27	
19	शुक्र	फाल्गुन	शुक्ल	षष्ठी	29:7	स्कन्दषष्ठी व्रत, गोरूपिणी षष्ठी,
20	शनि	फाल्गुन	शुक्ल	सप्तमी	-	कामदा सप्तमी व्रत, कल्याण सप्तमी, कौमुदी सप्तमी,
21	रवि	फाल्गुन	शुक्ल	सप्तमी	07:30	होलाष्टक प्रारंभ (शुभ कार्यों हेतु वर्जित),
22	सोम	फाल्गुन	शुक्ल	अष्टमी	09:19	श्रीदुर्गाष्टमी व्रत, श्रीअन्नपूर्णाष्टमी व्रत, तैलाष्टमी,
23	मंगल	फाल्गुन	शुक्ल	नवमी	10:24	आनन्द नवमी, ब्रजमें होली शुरू, लट्ठमार होली (बरसाना, मथुरा),
24	बुध	फाल्गुन	शुक्ल	दशमी	10:38	फागु दशमी, लट्ठमार होली, लट्ठमार होली, 3 दिन खाटूश्याम मेला(राज), आमलकी (आंवला) एकादशी व्रत (स्मा), रंगभरी एकादशी, लट्ठमार होली (मथुरा)
25	गुरु	फाल्गुन	शुक्ल	एकादशी	09:59	आमलकी (आंवला) एकादशी व्रत (वै),
26	शुक्र	फाल्गुन	शुक्ल	द्वादशी - त्रयोदशी	08:30- 30:17	श्रीजगन्नाथ दर्शन, गोविन्द द्वादशी, नृसिंह द्वादशी व्रत, श्यामबाबा द्वादशी, पापनाशिनी द्वादशी, सुकृत द्वादशी, जया द्वादशी, प्रदोष व्रत, नंद त्रयोदशी व्रत, होलिकोत्सव (वृन्दावन)
27	शनि	फाल्गुन	शुक्ल	चतुर्दशी	27:30	
28	रवि	फाल्गुन	शुक्ल	पूर्णिमा	24:17	स्नान-दान-व्रत हेतु उत्तम फाल्गुनी पूर्णिमा, हुताशनी पूर्णिमा, (होलिका-दहन संध्या 06:37 से रात 08:56 के मध्य शुभ काल), गणगौर पूजा प्रारंभ (राज)
29	सोम	चैत्र	कृष्ण	प्रतिपदा	20:51	चैत्र मास कृष्ण पक्ष आरम्भ, चैत्र-मासीय व्रत-नियमादि प्रारम्भ, होली-रंगोत्सव (धुलैण्डी), छारेंडी, दोल यात्रा,वसन्तोत्सव, होलिका विभूति धारण, धूलि वंदन, साभ्यंग स्नान, आम्र कुसुम प्राशन, बसन्त प्रतिपदा, बसंत स्नान, रतिकाम महोत्सव, होलाष्टक समाप्त,
30	मंगल	चैत्र	कृष्ण	द्वितीया	17:21	संत तुकाराम जयन्ती, भ्रातृ द्वितीया, भ्रातृ दूज, भगिनी गृह में भोजन, कलम दान-पूजन, चित्रगुप्त पूजन,
31	बुध	चैत्र	कृष्ण	तृतीया	13:57	संकष्टी श्री गणेश चतुर्थी व्रत, (चं.उ.रा. 09.40 बजे)

विशेष सूचना: 1). सभी समय भारतीय समय अनुसार 24 घण्टे के अनुसार दर्शाये गए हैं।, 2). भारतीये पंचांग में दिन का आरंभ सूर्योदय से होकर है तथा अगले दिन सूर्योदय के पूर्व दिन को समाप्त माना जाता है। 3). आधी रात (रात 12 बजे / 24 Hr) के बाद के समय को आगामि दिन के समय को (सूर्योदय से पूर्व) दर्शाने के लिए आगामि दिन से जोड़ कर दर्शाया हैं। 4). पंचांग गणना को भारत की राष्ट्रीय राजधानी **नई दिल्ली** के अनुसार दर्शाया गए हैं।

मार्च 2021 - विशेष योग

सर्वार्थ सिद्धि योग (कार्य सिद्धि योग)			
04	23:58 से 05 मार्च 06:42 तक	16	06:30 से 17 मार्च 06:29 तक
05	06:42 से 22:38 तक	20	06:25 से 16:46 तक
07	06:40 से 20:59 तक	28	06:16 से 29 मार्च 06:15 तक
14	06:32 से 15 मार्च 02:20 तक		
द्विपुष्कर योग (दोगुना फल दायक)		त्रिपुष्कर योग (तीन गुना फल दायक)	
20	16:46 से 21 मार्च 06:24 तक	09	15:02 से 20:42 तक
21	06:24 से 07:09 तक		
30	06:13 से 12:22 तक		
विघ्नकारक भद्रा			
01	19:11 से 02 मार्च 05:46 तक	17	10:11 से 11:28 तक
04	21:58 से 05 मार्च 08:54 तक	21	07:09 से 20:09 तक
08	04:13 से 15:44 तक	24	22:11 से 25 मार्च 09:47 तक
11	14:39 से 12 मार्च 02:48 तक	28	03:27 से 13:54 तक

योग फल :

- सर्वार्थ सिद्धि योग मे किये गये शुभ कार्य मे निश्चित सफलता प्राप्त होती हैं, एसा शास्त्रोक्त वचन हैं।
- द्विपुष्कर योग में किये गये शुभ कार्यो का लाभ दोगुना होता हैं। एसा शास्त्रोक्त वचन हैं।
- त्रिपुष्कर योग में किये गये शुभ कार्यो का लाभ तीन गुना होता हैं। एसा शास्त्रोक्त वचन हैं।
- शास्त्रोंक्त मत से विघ्नकारक भद्रा योग में शुभ कार्य करना वर्जित हैं।

विशेष सूचना: 1). सभी समय भारतीय समय अनुसार 24 घण्टे के अनुसार दर्शाये गए हैं।, 2). भारतीये पंचांग में दिन का आरंभ सूर्योदय से होकर है तथा अगले दिन सूर्योदय के पूर्व दिन को समाप्त माना जाता है। 3). आधी रात (रात 12 बजे / 24 Hr) के बाद के समय को आगामि दिन के समय को (सूर्योदय से पूर्व) दर्शाने के लिए आगामि दिन से जोड़ कर दर्शाया हैं। 4). पंचांग गणना को भारत की राष्ट्रीय राजधानी **नई दिल्ली** के अनुसार दर्शाया गए हैं।

दैनिक शुभ एवं अशुभ समय ज्ञान तालिका

वार	गुलिक काल (शुभ) समय अवधि	यम काल (अशुभ) समय अवधि	राहु काल (अशुभ) समय अवधि
रविवार	03:00 से 04:30	12:00 से 01:30	04:30 से 06:00
सोमवार	01:30 से 03:00	10:30 से 12:00	07:30 से 09:00
मंगलवार	12:00 से 01:30	09:00 से 10:30	03:00 से 04:30
बुधवार	10:30 से 12:00	07:30 से 09:00	12:00 से 01:30
गुरुवार	09:00 से 10:30	06:00 से 07:30	01:30 से 03:00
शुक्रवार	07:30 से 09:00	03:00 से 04:30	10:30 से 12:00
शनिवार	06:00 से 07:30	01:30 से 03:00	09:00 से 10:30

मार्च 2021 रवि योग

04	01:36 से 18:14 तक	19	13:44 से 20 मार्च 16:46 तक
05	00:01 से 22:38 तक	22	21:28 से 23 मार्च 24:00 तक
16	04:45 से 17 मार्च 07:31 तक	24	00:01 से 23:12 तक
18	02:37 से 10:35 तक	26	21:40 से 27 मार्च 17:52 तक

सूर्यभाद्वेदगोतर्क दिग्विश्व नखसम्मिते। चन्द्रर्क्षे रवियोगाः स्युर्दोषसङ्घविनाशकाः

अर्थातः सूर्य के नक्षत्र से चन्द्रमा के नक्षत्र तक गिनती करने पर यदि यह 4, 6, 9, 10, 13, 20 (नक्षत्र क्रम से आगे हो) यह क्रम में कोई भी एक क्रम का नक्षत्र जिस दिन हो उस दिन **रवि योग** होता है। नक्षत्र का यह समय **रवि योग** का समय होता है।

सूर्य ग्रह सभी ग्रहों का राजा है। सौरमंडल में सबसे उर्जावान ग्रह सूर्य है जिस्से हमें प्रकाश एवं प्रत्यक्ष या परोक्ष रुपसे उर्जा जीवन उर्जा प्राप्त होती है। सूर्य को हिंदू धर्म में सूर्य को बहुत पवित्र देव माना जाता है एवं सूर्य की पूजा-उपासना की जाती है। नौ ग्रहों में सूर्य को श्रेष्ठ ग्रह माना जाता है।

- इस लिए रवि योग भी योगों में उत्तम एवं शुभफलदाय माना जाता है। यह रवि योग सभी प्रकार के दोषों एवं अशुभ प्रभावों को दूर करता है।
- यदि किसी दिन शुभ कार्य करना अनिवार्य हो एवं एवं उस दिन कोई शुभ मुहूर्त न हो तो शुभ कार्य **रवि योग** में कर सकते है।
- रवि योग में कार्यों में वांछित अफलता प्राप्त होती हैं इस लिए यह अत्यंत लाभदायक योग है।
- रवि योग के दिन भगवान सूर्य की पूजा करना उत्तम होता है।
- रवि योग के दिन सूर्य देवता को अर्घ्य देना भी विशेष लाभ होता है।
- रवि योग के दिन सूर्य मंत्र का जप करना विशेष लाभदायक होता है।
- रवि योग को सूर्य देव का वरदान प्राप्त है इस लिए यह अत्याधिक प्रभावशाली है।
- रवि योग में किए गए सभी शुभ कार्यों में किसी भी प्रकार के विघ्न एवं बाधाएं उत्पन्न नहीं होती है तथा कार्य में शीघ्र सफलता मिलती है।
- रवि योग में दूरस्थान की यात्राएं शुभफलदायक होती है।
- रवि योग में कर्ज मुक्ति के प्रसाय करने से कर्ज से शीध्र मुक्ति मिल सकती है।
- रवि योग में स्वास्थ्य वृद्धि के सभी प्रकार के प्रयास अथवा शल्य चिकित्सा उत्तम होती है।
- रवि योग में लंबे समय से रुके हुए कार्य को पूर्ण करने का प्रयास भी विशेष लाभदाय सिद्ध होता है।

विशेष सूचना: 1). सभी समय भारतीय समय अनुसार 24 घण्टे के अनुसार दर्शाये गए हैं।, 2). भारतीये पंचांग में दिन का आरंभ सूर्योदय से होकर है तथा अगले दिन सूर्योदय के पूर्व दिन को समाप्त माना जाता है। 3). आधी रात (रात 12 बजे / 24 Hr) के बाद के समय को आगामि दिन के समय को (सूर्योदय से पूर्व) दर्शाने के लिए आगामि दिन से जोड़ कर दर्शाया हैं। 4). पंचांग गणना को भारत की राष्ट्रीय राजधानी **नई दिल्ली** के अनुसार दर्शाया गए हैं।

दिन के चौघडिये

समय	रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	गुरुवार	शुक्रवार	शनिवार
06:00 से 07:30	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल
07:30 से 09:00	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ
09:00 से 10:30	लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग
10:30 से 12:00	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग
12:00 से 01:30	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल
01:30 से 03:00	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ
03:00 से 04:30	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत
04:30 से 06:00	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल

रात के चौघडिये

समय	रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	गुरुवार	शुक्रवार	शनिवार
06:00 से 07:30	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ
07:30 से 09:00	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग
09:00 से 10:30	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ
10:30 से 12:00	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत
12:00 से 01:30	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल
01:30 से 03:00	लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग
03:00 से 04:30	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल
04:30 से 06:00	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ

शास्त्रोक्त मत के अनुसार यदि किसी भी कार्य का प्रारंभ शुभ मुहूर्त या शुभ समय पर किया जाये तो कार्य में सफलता प्राप्त होने कि संभावना ज्यादा प्रबल हो जाती हैं। इस लिये दैनिक शुभ समय चौघड़िया देखकर प्राप्त किया जा सकता हैं।

नोट: प्रायः दिन और रात्रि के चौघड़िये कि गिनती क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से कि जाती हैं। प्रत्येक चौघड़िये कि अवधि 1 घंटा 30 मिनिट अर्थात डेढ़ घंटा होती हैं। समय के अनुसार चौघड़िये को शुभाशुभ तीन भागों में बांटा जाता हैं, जो क्रमशः शुभ, मध्यम और अशुभ हैं।

चौघडिये के स्वामी ग्रह

शुभ चौघडिया		मध्यम चौघडिया		अशुभ चौघड़िया	
चौघडिया	स्वामी ग्रह	चौघडिया	स्वामी ग्रह	चौघडिया	स्वामी ग्रह
शुभ	गुरु	चर	शुक्र	उद्वेग	सूर्य
अमृत	चंद्रमा			काल	शनि
लाभ	बुध			रोग	मंगल

* हर कार्य के लिये शुभ/अमृत/लाभ का चौघड़िया उत्तम माना जाता हैं।

* हर कार्य के लिये चल/काल/रोग/उद्वेग का चौघड़िया उचित नहीं माना जाता।

दिन कि होरा - सूर्योदय से सूर्यास्त तक												
वार	1.घं	2.घं	3.घं	4.घं	5.घं	6.घं	7.घं	8.घं	9.घं	10.घं	11.घं	12.घं
रविवार	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि
सोमवार	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य
मंगलवार	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र
बुधवार	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल
गुरुवार	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध
शुक्रवार	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु
शनिवार	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र
रात कि होरा – सूर्यास्त से सूर्योदय तक												
रविवार	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध
सोमवार	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु
मंगलवार	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र
बुधवार	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि
गुरुवार	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य
शुक्रवार	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र
शनिवार	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	गुरु	मंगल

होरा मुहूर्त को कार्य सिद्धि के लिए पूर्ण फलदायक एवं अचूक माना जाता हैं, दिन-रात के २४ घंटों में शुभ-अशुभ समय को समय से पूर्व ज्ञात कर अपने कार्य सिद्धि के लिए प्रयोग करना चाहिये।

विद्वानो के मत से इच्छित कार्य सिद्धि के लिए ग्रह से संबंधित होरा का चुनाव करने से विशेष लाभ प्राप्त होता हैं।

- सूर्य कि होरा सरकारी कार्यो के लिये उत्तम होती हैं।
- चंद्रमा कि होरा सभी कार्यों के लिये उत्तम होती हैं।
- मंगल कि होरा कोर्ट-कचेरी के कार्यों के लिये उत्तम होती हैं।
- बुध कि होरा विद्या-बुद्धि अर्थात पढाई के लिये उत्तम होती हैं।
- गुरु कि होरा धार्मिक कार्य एवं विवाह के लिये उत्तम होती हैं।
- शुक्र कि होरा यात्रा के लिये उत्तम होती हैं।
- शनि कि होरा धन-द्रव्य संबंधित कार्य के लिये उत्तम होती हैं।

मीन संक्रान्ति का राशिफल

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

14 मार्च 2021 से 14 अप्रैल 2021 तक जन्मकालीन चन्द्रराशि से मीन संक्रान्ति का राशिफल

मीन संक्रान्ति का सामान्य फल

- ❖ शास्त्रोक्त मत से मीन संक्रान्ति विद्वान और शिक्षित लोगों के लिए उत्तम होती है।
- ❖ उत्पादन एवं वस्तुओं की लागत सामान्य होगी।
- ❖ लोगों में भय और चिन्ता में वृद्धि संभव है।
- ❖ लोगों को स्वास्थ्य लाभ की प्राप्ति हो सकती हैं, देशों के बीच सम्बन्ध में सुधार होगा होंगे। और अनाज भण्डारण में वृद्धि हो सकती है।

मेष

सूर्य का द्वादश स्थान पर गोचर हो तो कार्यक्षेत्र में मिश्रित परिणाम प्राप्त हो सकते हैं जिस कारण कई बार उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। इस दौरान अपने खर्चों पर नियंत्रण रखे तथा बड़े कर्ज लेने से बचे अन्यथा कर्ज के भुगतान में विलम्ब संभव हैं। अनावश्यक यात्रा तथा भ्रमण से बचने का प्रयास करना चाहिए अन्यथा इससे नुक़सान संभव है। सरकारी कार्यों में थोड़ा विलंब सम्भाव है। इस दौरान अपनी आंखों एवं पेट का ध्यान रखें अन्यथा समस्याएं संभव है। प्रियजनों के साथ रिश्तों में गलतफहमी के कारण कुछ समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

वृषभ

सूर्य का एकादश स्थान पर गोचर हो तो कार्यक्षेत्र तथा विभिन्न स्त्रोत से आकस्मिक धन लाभ संभव है, आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पूंजि निवेश की योजना बनेगी। कार्यक्षेत्र सहकर्मी एवं उच्चाधिकारीयों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा एवं थोड़े से प्रयासों से कार्यक्षेत्र में विशेष लाभ की प्राप्ति हो सकती हैं। प्रयासों से परिवार में आपसी रिश्तों में मधुरता आयेगी। स्वाथ्य उत्तम रहेगा तथा कोई रोग हैं तो उचित चिकित्सा से स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं दूर हो सकती हैं।

मिथुन

सूर्य का दशम स्थान पर गोचर हो तो आपके सामाजिक मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में विशेष रुप से सफलता प्राप्त होती हैं। यदि जीवन में कोई पूरानी समस्याएं हैं तो इस दौरान उचित प्रयासो से अपनी समस्याओं को दूर करने में आप सक्षम होंगे। सरकार से विशेष लाभ की प्राप्ति हो सकती हैं। सहकर्मी एवं उच्चाधिकारीयों के सहयोग से पदौन्नति संभव हैं। पारिवारीक सुख में वृद्धि होगी।

कर्क

सूर्य का नवम स्थान पर गोचर हो तो इस दौरान कार्यक्षेत्र में मिश्रित फल प्राप्त हो सकते है। इस दौरान महत्व पूर्ण कार्यों में विशेष लाभ की प्राप्ति हो सकती है। आर्थिक मामलों में विशेष लाभ की प्राप्ति होगी। नौकरी में स्थानांतरण तथा पदौन्नति संभव है। पिता के स्वास्थ्य की अतिरिक्त देखभाल करने की आवश्यक्ता एवं पिता के स्वास्थ्य से सम्बन्धित चिंता हो सकती है। धार्मिक यात्रा पर जाने की योजना बन सकती है। इस दौरान निर्णय समझदारी से ले। खाने-पीने का ध्यान रखें।

सिंह

सूर्य का अष्टम स्थान पर गोचर हो तो कार्यक्षेत्र में सावधानी बरतने अन्यथा व्यर्थ के वाद-विवाद से चुनौतीयों का सामना करना पड़ सकता है। मानसिक तनाव में वृद्धि हो सकती है। खाने-पीने का विशेष ध्यान रखे तथा स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें अन्यथा उदर से संबंधित समस्याएं हो सकती है। आर्थिक में समस्याएं संभव है। परिवार के लोगों से अनबन हो सकती हैं अतः शांति पूर्वक रिश्तों को मजबूत बनाये रखने का प्रयास करें।

कन्या

सूर्य का सातवें स्थान पर गोचर हो तो पति-पत्नी के रिश्तों में कुछ समस्याएं हो सकती है। व्यावसायिक साझेदारी के कार्यों में मतभेद हो सकता है। धैर्य व संयम बर्ते अन्यथा अत्याधिक कलह से रिश्ते खराब हो सकते हैं। यात्रा में कष्ट हो सकता हैं। नौकरी, व्यवसाय में विघ्न-बाधाएं उत्पन्न हो सकती हैं। इस दौरान उदर में पीड़ा होती है। साझेदारी के कार्य में मतभेद हो सकते हैं अतः सावधान रहें।

तुला

सूर्य का षष्ठम स्थान पर गोचर हो तो विभिन्न कार्यों में सफलता प्राप्त होती हैं। सरकार से लाभ प्राप्ति संभव हैं। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। से इस दौरान कोर्ट-कचहरी के कार्य अथवा वाद-विवाद में विजय प्राप्त हो सकती हैं। इस दौरान उचित उपायों से स्वास्थ्य लाभ होगा तथा पुराने रोगों से छुटकारा मिल सकता है। वाहन इत्यादि से सावधान रहे अन्यथा दुर्घटना हो सकती है। पूंजि निवेश कार्यों के लिए यह समय उत्तम हो सकता हैं।

वृश्चिक

सूर्य का पंचम स्थान पर गोचर हो तो शिक्षा प्राप्ति में बाधा संभव है। प्रेम संबंधित मामले में समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। मानसिक चिंता, भ्रम इत्यादि की प्रबलता हो सकती हैं। कार्यक्षेत्र में आवश्यक्ता से अधिक परिश्रम करने के उपरांत भी वांछित सफलता मिलने मे कष्ट संभव हैं। इस दौरन कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है। संतान पक्ष को कष्टों का सामना करना पड़ सकता है। उदर विकार हो सकता हैं, अतः खान-

पान का विशेष ध्यान रखें।

धनु

सूर्य का चतुर्थ स्थान पर गोचर हो तो पारिवारीक सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार के सुख साधनों में वृद्धि होगी। दूरस्थ स्थानों की यात्राएं हो सकती है। भूमि-भवन के मामलों में लाभ की प्राप्ति हो सकती हैं। नया वाहन इत्यादि की प्राप्ति हो सकती है। कार्य क्षेत्र में सफलता की प्राप्ति होगी, नौकरी से जुड़े है तो पदौन्नति के अवसर प्राप्त हो सकते है। इस दौरान माता को कुछ कष्ट हो सकता हैं। इस दौरान अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें हृदय संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो सकती है ।

मकर

सूर्य का तृतीय स्थान पर गोचर हो तो कार्यक्षेत्र में साहस एवं पराक्रम से सफलता प्राप्त हो सकती हैं। सरकारी विभाग से जुड़े कार्यों से लाभ की प्राप्ति हो सकती हैं। नौकरी से जुड़े लोगों को पदोन्नति के अवसर प्राप्त हो सकते है। आर्थिक स्थिती मजबूत होगी। मित्रों एवं सहोदर से लाभ प्राप्ति संभव हो सकती हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। विरोधि एवं शत्रुपक्ष परास्त होंगे। सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य सुख में वृद्धि होती हैं।

कुंभ

सूर्य का द्वितीय स्थान पर गोचर हो तो प्रियजनों एवं उच्चाधिकारियों से बातचित में अपनी वाणी पर नियंत्रण रखे अन्यथा रिश्ते बिगड़ सकते है। परिवार में अशांति का माहौल रह सकता है। इस दौरान विपरित परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक मामलों में गलत निणयों अथवा आवश्यकता से अधिक खर्च के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ सकता हैं। सेहत का विशेष ध्यान रखे इस दौरान आंख, दांत एवं मुख से जुड़ी समस्याएं कष्ट दे सकती हैं।

मीन

सूर्य का प्रथम स्थान पर गोचर हो तो इस दौरान दैनिक जीवन में कुछ नया कार्य में सफलता प्राप्त हो सकती है। कार्यक्षेत्र में थोड़े से परिश्रम समसय से रुके हुए कार्य पूरे हो सकते है। आपके आत्म विश्वास में वृद्धि होगी। अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखें किसी प्रकार से पित्त-विकार में वृद्धि हो सकती हैं या अन्य कोई रोग से पीड़ा संभव हैं। इस दौरान यात्रा करना प्रतिकूल साबित हो सकता है। आवश्यक्ता से अधिक क्रोध के कारण पारिवारिक रिश्तों में नोक-झोक हो सकती है।

विजया एकादशी व्रत कथा 9-मार्च-2021

संकलन गुरुत्व कार्यालय

फाल्गुन कृष्ण एकादशी

विजया एकादशी व्रत:

एक बार युधिष्ठिर ने भगवान श्रीकृष्ण से प्रश्न किया हे वासुदेव! फाल्गुन मास के कृष्णपक्ष में किस नाम की एकादशी होती है? उसकी विधि क्या है? तथा उसमें किस देवता का पूजन किया जाता है?, उसकी विधि क्या है? तथा उसमें किस देवता का पूजन किया जाता है?, उसका फल क्या है ? । कृपया यह सब बताइये।

भगवान श्रीकृष्ण बोले: हे युधिष्ठिर ! एक बार नारदजी ने ब्रह्माजी से फाल्गुन के कृष्णपक्ष की विजया एकादशी व्रत के पुण्य फल के बारे में पूछा था तथा ब्रह्माजी ने इस व्रत के बारे में नारदजी से जो कथा और विधि बतायी थी, उसे ध्यान पूर्वक सुनो।

ब्रह्माजी ने कहा: हे नारद ! विजया एकादशी व्रत बहुत ही प्राचीन, पवित्र और पापों का नाश करने वाली है। विजया एकादशी राजाओं को विजय प्रदान करती है, इसमें कोई भी संदेह नहीं है।

त्रेतायुग में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्रजी लंका पर आक्रमण करने के लिए जब समुद्र के किनारे पहुँचे, तब उन्हें समुद्र को पार करने का कोई उपाय नहीं सूझ रहा था।

उन्होंने लक्ष्मणजी से पूछा हे लक्ष्मण! किस उपाय से इस समुद्र को पार किया जा सकता है? यह अत्यंत गहरा और यह समुद्र भयंकर जन्तुओं से भरा हुआ है। मुझे तो ऐसा कोई उपाय नहीं दिखायी देता, जिससे हम इसको सुगमता से पार कर सके।

लक्ष्मणजी बोले: हे प्रभु! आप ही आदिदेव और पुरुषोत्तम हैं। आपसे क्या छिपा रह सकता है? यहाँ से आधे योजन की दूरी पर कुमारी द्वीप में बकदाल्भ्य नामक मुनि रहते हैं। आप उन ज्ञानी मुनीश्वर के पास जाकर उन्हींसे इसका उपाय पूछिये।

श्रीरामचन्द्रजी बकदाल्भ्य मुनि के आश्रम पहुँचे और उन्होंने मुनि को प्रणाम किया। महर्षि ने प्रसन्न होकर श्रीरामजी के आगमन का कारण पूछा।

श्रीरामचन्द्रजी बोले: हे महामुनि ! मैं लंका पर

चढ़ाई करने के उद्धेश्य से अपनी सेना के साथ यहाँ आया हूँ। कि किस प्रकार समुद्र पार किया जा सके, कृपा करके कोई उपाय बताइये।

बकदाल्भय मुनि ने कहा: हे श्रीरामजी ! फाल्गुन के कृष्णपक्ष में जो विजया नाम की एकादशी होती है, उसका व्रत करने से आपकी विजय होगी। निश्चय ही आप अपनी सेना के साथ समुद्र को पार कर लेंगे। राजन् ! अब इस व्रत की फलदायक विधि सुनिये:

दशमी के दिन सोने, चाँदी, ताँबे अथवा मिट्टी का एक कलश स्थापित कर उस कलश को जल से भरकर उसमें पल्लव डाल दें। उसके ऊपर भगवान नारायण के सुवर्णमय विग्रह की स्थापना करें। पश्चयात एकादशी के दिन प्रात: काल स्नान करें।

कलश को पुन: स्थापित करें। माला, चन्दन, सुपारी तथा नारियल आदि के द्वारा विशेष रुप से उसका पूजन करें। कलश के ऊपर सात प्रकार धान्य और जौ रखें। गन्ध, धूप, दीप तथा भाँति-भाँति के नैवेघ से पूजन करें।

पश्चयात कलश के सम्मुख बैठकर उत्तम कथा भगवान का श्रवण आदि के द्वारा सारा दिन व्यतीत करें और रात में जागरण करना चाहिए। अखण्ड व्रत की सिद्धि के लिए घी का दीपक जलायें। पश्चयात द्वादशी के दिन सूर्योदय होने पर उस कलश को किसी जलाशय के समीप स्थापित करें और उसकी विधिवत् पूजा करके देव प्रतिमा के सहित उस कलश को वेदवेत्ता ब्राह्मण के लिए दान कर दें। कलश के साथ ही और वस्तुओं का दान देना चाहिए। श्रीराम ! आप अपने सेना के साथ इसी विधि से प्रयत्नपूर्वक विजया एकादशी का व्रत कीजिये। इससे आपकी विजय अवश्य होगी।

ब्रह्माजी बोले: हे नारद ! बकदाल्भय मुनि की बात सुनकर श्रीरामचन्द्रजी ने मुनि के कथनानुसार उस समय विजया एकादशी का व्रत किया। विजया एकादशी व्रत के करने से श्रीरामचन्द्रजी को विजय की प्राप्ति हुई। श्रीरामचन्द्रजी ने युद्ध में रावण को मारा, लंका पर विजय पायी और सीताजी को प्राप्त कर लिया। नारद ! जो मनुष्य इस विधि से व्रत करते हैं, उन्हें इस लोक में विजय प्राप्त होती है और उनका परलोक भी अक्षय बना रहता है।

भगवान श्रीकृष्ण बोले: युधिष्ठिर! इस कारण विजया एकादशी का व्रत करना चाहिए। इस प्रसंग को पढ़ने और सुनने से वाजपेय यज्ञ का फल मिलता है।

***

आमलकी एकादशी व्रत कथा 24/25-मार्च-2021

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

फाल्गुन शुक्ल एकादशी (आमलकी एकादशी)

आमलकी एकादशी व्रत:

एक बार युधिष्ठिर ने भगवान श्रीकृष्ण से प्रश्न किया हे! भगवन् ! फाल्गुन मास के शुक्लपक्ष की जो एकादशी होती है, उसका क्या नाम है? उसकी विधि क्या है? तथा उसमें किस देवता का पूजन किया जाता है?, उसका फल क्या है ?, कृपया यह सब बताइये।

भगवान श्रीकृष्ण बोले: हे युधिष्ठिर! फाल्गुन मास के शुक्लपक्षकी एकादशी का नाम आमलकी है। एकादशी का व्रत पवित्र विष्णुलोक की प्राप्ति कराने वाला है।

एक बार राजा मान्धाता ने महात्मा वशिष्ठजी से आमलकी एकादशी के विषय में इसी प्रकार का प्रश्न किया था, वशिष्ठजी ने इस व्रत के बारे में राजा मान्धाता से जो कथा और विधि बतायी थी, उसे ध्यान पूर्वक सुनो।

महाभाग! भगवान विष्णु के थूकने पर उनके मुख से चन्द्रमा के समान कान्तिमान एक बिन्दु प्रकट होकर पृथ्वी पर गिरा था। उसीसे आमलक (अर्थात आँवले) का महान वृक्ष उत्पन्न हुआ, जो सभी वृक्षों का आदिभूत कहलाता है।

इसी समय प्रजा की सृष्टि करने के लिए भगवान ने ब्रह्माजी को उत्पन्न किया और बादमें ब्रह्माजी ने देवता, दानव, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस, नाग तथा महर्षियों को जन्म दिया। उनमें से देवता और ऋषि उसी स्थान पर आये, जहाँ विष्णुजी का प्रिय आमलक का वृक्ष था।

महाभाग ! उसे देखकर देवताओं को बड़ा विस्मय हुआ क्योंकि उस वृक्ष के बारे में वे कुछ नहीं जानते थे। उन्हें इस प्रकार विस्मित देख आकाशवाणी हुई: 'महर्षियो! यह सर्वश्रेष्ठ आमलक का वृक्ष है, जो विष्णुजी को अतिप्रिय है।

इसके स्मरणमात्र से गोदान का फल मिलता है। इसके स्पर्श करने से इससे दुगना और फल का भक्षण करने से तीगुना पुण्य प्राप्त होता है। यह सब पापों को हरनेवाला पवित्र वृक्ष है। इसके मूल में विष्णु, उसके ऊपर ब्रह्मा, स्कन्ध में भगवान रुद्र, शाखाओं में मुनि, टहनियों में देवता, पत्तों में वसु, फूलों में मरुद्गण तथा फलों में समस्त प्रजापति वास करते हैं। आमलक सर्वदेवमय वृक्ष है। अत: विष्णुभक्त पुरुषों के लिए यह परम पूज्य है। इसलिए सदा प्रयत्नपूर्वक आमलक का सेवन करना चाहिए।

ऋषि बोले: आप कौन हैं? देवता हैं या कोई और? हमें ठीक-ठीक बताइये।

पुन: आकाशवाणी हुई जो सम्पूर्ण भूतों के कर्त्ता और समस्त भुवनों के स्रष्टा हैं, जिन्हें विद्वान पुरुष भी कठिनता से देख पाते हैं, मैं वही सनातन विष्णु हूँ।

देवाधिदेव भगवान विष्णु का यह कथन सुनकर वे ऋषिगण भगवान की स्तुति करने लगे। इससे भगवान श्रीहरि संतुष्ट हुए और बोले: महर्षियो! तुम्हें कौन सा अभीष्ट वरदान दूँ?

ऋषि बोले: भगवन् ! यदि आप संतुष्ट हैं तो हम लोगों के हित के लिए कोई ऐसा व्रत बतलाइये, जो स्वर्ग और मोक्षरुपी फल प्रदान करनेवाला हो।

श्रीविष्णुजी बोले: महर्षियो ! फाल्गुन मास के शुक्लपक्ष में जो एकादशी हो तो वह महान पुण्य देनेवाली और बड़े-बड़े पातकों का नाश करनेवाली होती है। इस दिन आँवले के वृक्ष के पास जाकर वहाँ रात्रि में जागरण करना चाहिए। इससे मनुष्य सब पापों से छुट जाता है और सहस्र गोदान का फल प्राप्त करता है। विप्रगण! यह व्रत सभी व्रतों में उत्तम है, जिसे मैंने तुम लोगों को बताया है।

ऋषि बोले: भगवन्! इस व्रत की विधि बताइये। इसके देवता और मंत्र क्या हैं? पूजन कैसे करें? उस समय स्नान और दान कैसे किया जाता है?

भगवान श्रीविष्णुजी ने कहा: द्विजवरो! इस एकादशी को व्रती प्रात:काल दन्तधावन करके यह संकल्प करे कि ' हे पुण्डरीकाक्ष! हे अच्युत! मैं एकादशी

को निराहार रहकर दुसरे दिन भोजन करूँगा। आप मुझे शरण में रखें। ऐसा नियम लेने के बाद पतित, चोर, पाखण्डी, दुराचारी, परस्त्रीगामी तथा मर्यादा भंग करनेवाले मनुष्यों से वह वार्तालाप न करे। अपने मन को वश में रखते हुए नदी, तालाब, कुएँ पर अथवा घर में ही स्नान करे। स्नान के पहले शरीर में मृत्तिका मंत्र का उच्चारण करके मिट्टी लगाये।

मृत्तिका मंत्र

अश्वक्रान्ते रथक्रान्ते विष्णुक्रान्ते वसुन्धरे।
मृत्तिके हर मे पापं जन्मकोटयां समर्जितम्॥

अर्थात: वसुन्धरे! तुम्हारे ऊपर अश्व और रथ चला करते हैं तथा वामन अवतार के समय भगवान विष्णु ने भी तुम्हें अपने पैरों से नापा था। मृत्तिके! मैंने करोड़ों जन्मों में जो पाप किये हैं, मेरे उन सब पापों को हर लो।

फिर स्नान मंत्र का उच्चारण करके जल से स्नान करे।

स्नान मंत्र

त्वं मातः सर्वभूतानां जीवनं तत्तु रक्षकम्।
स्वेदजोद्भिज्जजातीनां रसानां पतये नमः॥
स्नातोऽहं सर्वतीर्थेषु ह्रदप्रस्रवणेषु च्।
नदीषु देवखातेषु इदं स्नानं तु मे भवेत्॥

अर्थात: जल की अधिष्ठात्री देवी! मातः! तुम सम्पूर्ण भूतों के लिए जीवन हो। वही जीवन, जो स्वेदज और उद्भिज्ज जाति के जीवों का भी रक्षक है। तुम रसों की स्वामिनी हो। तुम्हें नमस्कार है। आज मैं सम्पूर्ण तीर्थों, कुण्डों, झरनों, नदियों और देवसम्बन्धी सरोवरों में स्नान कर चुका। मेरा यह स्नान उक्त सभी स्नानों का फल देनेवाला हो।

पश्चयात विद्वान व्यक्ति को परशुरामजी की सोने की प्रतिमा बनवाये। प्रतिमा अपनी शक्ति और धन के अनुसार एक या आधे माशे सुवर्ण की होनी चाहिए। स्नान के पश्चात् घर आकर पूजा और हवन करे। इसके बाद सब प्रकार की सामग्री लेकर आँवले के वृक्ष के पास जाय। वहाँ वृक्ष के चारों ओर की जमीन साफ करके, लीप पोतकर शुद्ध करे। शुद्ध की हुई भूमि में मंत्र पाठपूर्वक जल से भरे हुए नवीन कलश की स्थापना करे। कलश में पंचरत्न और दिव्य गन्ध आदि छोड़ दे। श्वेत चन्दन से उसका लेपन करे। उसके कण्ठ में फूल की माला पहनाये। सब प्रकार के धूप की सुगन्ध फैलाये। जलते हुए दीपकों की पंक्ति सजाकर रखे। तात्पर्य यह है कि सब ओर से सुन्दर और मनोहर दृश्य निर्मित करे। पूजा के लिए नवीन छाता, जूता और वस्त्र भी मँगाकर रखे। कलश के ऊपर एक पात्र रखकर उसे श्रेष्ठ खीलों से भर दे। फिर उसके ऊपर परशुरामजी की मूर्ति (सुवर्ण की) स्थापित करे।

पश्चात उनकी क्रमशः पूजा करे

विशोकाय नमः मंत्र का उच्चारण कर उनके चरणों की,
विश्वरुपिणे नमः उच्चारण कर दोनों घुटनों की,
उग्राय नमः उच्चारण कर जाँघो की,
दामोदराय नमः उच्चारण कर कटिभाग की,
पधनाभाय नमः उच्चारण कर उदर की,
श्रीवत्सधारिणे नमः उच्चारण कर वक्ष: स्थल की,
चक्रिणे नमः उच्चारण कर बायीं बाँह की,
गदिने नमः उच्चारण कर दाहिनी बाँह की,
वैकुण्ठाय नमः उच्चारण कर कण्ठ की,
यज्ञमुखाय नमः उच्चारण कर मुख की,
विशोकनिधये नमः उच्चारण कर नासिका की,
वासुदेवाय नमः उच्चारण कर नेत्रों की,
वामनाय नमः उच्चारण कर ललाट की,
सर्वात्मने नमः उच्चारण कर संपूर्ण अंगो तथा मस्तक की पूजा करनी चाहिए ।

ये ही पूजा के मंत्र हैं। पश्चयात भक्तियुक्त चित्त से शुद्ध फल के द्वारा परशुरामजी को अर्ध्य मंत्र का उच्चारण कर अर्ध्य प्रदान करे।

अर्ध्य मंत्र

नमस्ते देवदेवेश जामदग्न्य नमोऽस्तु ते ।
गृहाणार्ध्यमिमं दत्तमामलक्या युतं हरे ॥

अर्थात: देवदेवेश्वर! जमदग्निनन्दन! श्री विष्णुस्वरुप परशुरामजी! आपको नमस्कार है, नमस्कार है। आँवले के फल के साथ दिया हुआ मेरा यह अर्ध्य ग्रहण कीजिये।

पश्चयात भक्तियुक्त चित्त से जागरण करे। नृत्य, संगीत, वाघ, धार्मिक उपाख्यान तथा श्रीविष्णु संबंधी

कथा वार्ता आदि के माध्यम से रात्रि जागरण कर व्यतीत करे।

उसके बाद भगवान विष्णु के नाम ले लेकर आमलक वृक्ष की परिक्रमा एक सौ आठ या अट्ठाईस बार करे। फिर सवेरा होने पर श्रीहरि की आरती करे। ब्राह्मण की पूजा करके वहाँ की सब सामग्री उसे निवेदित कर दे। परशुरामजी का कलश, दो वस्त्र, जूता आदि सभी वस्तुएँ दान कर दे और यह भावना करे कि परशुरामजी के स्वरुप में भगवान विष्णु मुझ पर प्रसन्न हों। तत्पश्चात् आमलक का स्पर्श करके उसकी प्रदक्षिणा करे और स्नान करने के बाद विधिपूर्वक ब्राह्मणों को भोजन कराये। तदनन्तर कुटुम्बियों के साथ बैठकर स्वयं भी भोजन करे ।

सम्पूर्ण तीर्थों के सेवन से जो पुण्य प्राप्त होता है तथा सब प्रकार के दान देने दे जो फल मिलता है, वह सब उपर्युक्त विधि के पालन से सुलभता से प्राप्त होता है। समस्त यज्ञों की अपेक्षा भी अधिक फल मिलता है, इसमें तनिक भी संदेह नहीं है। यह व्रत सब व्रतों में उत्तम है।

इतना कहकर देवेश्वर भगवान विष्णु वहीं अन्तर्धान हो गये। तत्पश्चात् उन समस्त महर्षियों ने उक्त व्रत का पूर्णरुप से पालन किया। वशिष्ठजी बोले: हे महाराज! नृपश्रेष्ठ ! इसी प्रकार तुम्हें भी इस व्रत का अनुष्ठान करना चाहिए।

भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं: युधिष्ठिर ! यह दुर्धर्ष व्रत मनुष्य को सब पापों से मुक्त करनेवाला है।

महाशिवरात्रि महत्व

संकलन गुरुत्व कार्यालय

महाशिवरात्रि को हिंदू धर्म में एक प्रमुख त्योहार के रूप में मनाय जाता हैं। महाशिवरात्रि को कालरात्रि के नाम से भी जान जाता हैं।

महाशिवरात्रि पर्व प्रति वर्ष फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को मनाया जाता हैं। एसी मान्यता हैं कि सृष्टि के प्रारंभ में इसी दिन मध्य रात्रि भगवान शिवजी का ब्रह्मा रुप से रुद्र रूप में अवतार हुआ था। प्रलय के समय में इसी दिन प्रदोष के समय भगवान शिव तांडव करते हुए समग्र ब्रह्मांड को अपने तीसरे नेत्र की ज्वाला से समाप्त कर देते हैं। इसीलिए इसे महाशिवरात्रि कहाजाता हैं।

तीनों लोक की सुंदरी तथा शीलवती गौरां को अपनी अर्धांगिनी बनाने वाले शिव सर्वदा प्रेतों व पिशाचों से घिरे रहते हैं। उनका रूप अनोखा हैं। शरीर पर स्मसान की भस्म, और गले में सर्पों की माला, कंठ में विष, जटा में शशी (चंद्र) एवं पतित पावनी गंगा तथा मस्तक पर प्रलय कारी ज्वाला हैं। नंदि (बैल) को वाहन बनाने वाले हैं।

शिव अमंगल रूप होकर भी अपने भक्तों का अमंगल दूर कर मंगल करते हैं और सुख-संपत्ति एवं शांति प्रदान करते हैं।

शिवरात्रि व्रत का लाभ:

हिंदू संस्कृति में महाशिवरात्रि भगवान शंकर का सबसे पवित्र दिन माना जाता हैं। शिवरात्रि पर अपनी आत्मा को निर्मल करने का महाव्रत माना जाता हैं। महाशिव रात्रि व्रत से मनुष्य के सभी पापों का नाश हो जाता हैं। व्यक्ति की हिंसक प्रवृत्ति बदल जाती हैं। समस्त जीवों के प्रति उसके भितर दया, करुणा इत्यादि सद्द भावो का आगमन होता है।

ईशान संहिता में शिवरात्रि के बारे मे उल्लेख इस प्रकार किया गया है-

शिवरात्रि व्रतम् नाम सर्वपाम् प्रणाशनम्।
आचाण्डाल मनुष्याणम् भुक्ति मुक्ति प्रदायकं॥

भावार्थ:- शिव रात्रि नाम वाला व्रत समस्त पापों का शमन करने वाला हैं। इस दिन व्रत कर ने से दुष्ट मनुष्य को भी भक्ति मुक्ति प्राप्त होती हैं।

ज्योतिष शास्त्र के अनुशार शिवरात्री व्रत का महत्व और लाभ:

चतुर्दशी तिथि के स्वामी शिवजी हैं। ज्योतिष शास्त्रों में चतुर्दशी तिथि को परम शुभ फलदायी मना गया हैं। वैसे तो शिवरात्रि हर महीने चतुर्दशी तिथि को होती हैं। परंतु फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को महाशिवरात्रि कहा गया हैं। ज्योतिषी शास्त्र के अनुसार विश्व को उर्जा प्रदान करने वाले सूर्य इस समय तक उत्तरायण में आ होते हैं, और ऋतु परिवर्तन का यह समय अत्यंत शुभ कहा माना जाता हैं। शिव का अर्थ ही है कल्याण करना, एवं शिवजी सबका कल्याण करने वाले देवो के भी देव महादेव हैं। अत: महा शिवरात्रि के दिन शिव कृपा प्राप्त कर व्यक्ति को सरलता से इच्छित सुख की प्राप्ति होती हैं। ज्योतिषीय सिद्धंत के अनुसार चतुर्दशी तिथि तक चंद्रमा अपनी क्षीणस्थ अवस्था में पहुंच जात्ता हैं। अपनी क्षीण अवस्था के कारण बलहीन होकर चंद्रमा सृष्टि को ऊर्जा(प्रकाश) देने में असमर्थ हो जाते हैं।

चंद्र का सीधा संबंध मनुष्य के मन से बताया गया हैं। ज्योतिष सिद्धन्त से जब चंद्र कमजोर होतो मन थोडा कमजोर हो जाता हैं, जिस्से भौतिक संताप प्राणी को घेर लेते हैं, और विषाद, मान्सिक चंचल्ता-अस्थिरता एवं असंतुलन से मनुष्य को विभिन्न प्रकार के कष्टों का सामना करना पड़ता हैं।

धर्म ग्रंथोमे चंद्रमा को शिव के मस्तक पर सुशोभित बताय गया हैं। जिस्से भगवान शिव की कृपा प्राप्त होने से चंद्रदेव की कृपा स्वतः प्राप्त हो जाती हैं। महाशिवरात्रि को शिव की अत्यंत प्रिय तिथि बताई गई हैं। ज्यादातर ज्योतिषी शिवरात्रि के दिन शिव आराधना कर समस्त कष्टों से मुक्ति पाने की सलाह देते हैं।

सर्व कार्य सिद्धि कवच

जिस व्यक्ति को लाख प्रयत्न और परिश्रम करने के बादभी उसे मनोवांछित सफलताये एवं किये गये कार्य में सिद्धि (लाभ) प्राप्त नहीं होती, उस व्यक्ति को सर्व कार्य सिद्धि कवच अवश्य धारण करना चाहिये।

कवच के प्रमुख लाभ: सर्व कार्य सिद्धि कवच के द्वारा सुख समृद्धि और **नव ग्रहों** के नकारात्मक प्रभाव को शांत कर धारण करता व्यक्ति के जीवन से सर्व प्रकार के दु:ख-दारिद्र का नाश हो कर सुख-सौभाग्य एवं उन्नति प्राप्ति होकर जीवन मे सभि प्रकार के शुभ कार्य सिद्ध होते हैं। जिसे धारण करने से व्यक्ति यदि व्यवसाय करता होतो कारोबार मे वृद्धि होति हैं और यदि नौकरी करता होतो उसमे उन्नति होती हैं।

- सर्व कार्य सिद्धि कवच के साथ में **सर्वजन वशीकरण** कवच के मिले होने की वजह से धारण कर्ता की बात का दूसरे व्यक्तिओ पर प्रभाव बना रहता हैं।
- सर्व कार्य सिद्धि कवच के साथ में **अष्ट लक्ष्मी** कवच के मिले होने की वजह से व्यक्ति पर सदा मां महा लक्ष्मी की कृपा एवं आशीर्वाद बना रहता हैं। जिस्से मां लक्ष्मी के अष्ट रुप (१)-आदि लक्ष्मी, (२)-धान्य लक्ष्मी, (३)- धैर्य लक्ष्मी, (४)-गज लक्ष्मी, (५)-संतान लक्ष्मी, (६)-विजय लक्ष्मी, (७)-विद्या लक्ष्मी और (८)-धन लक्ष्मी इन सभी रुपो का अशीर्वाद प्राप्त होता हैं।

- सर्व कार्य सिद्धि कवच के साथ में **तंत्र रक्षा** कवच के मिले होने की वजह से तांत्रिक बाधाए दूर होती हैं, साथ ही नकारात्मक शक्तियो का कोइ कुप्रभाव धारण कर्ता व्यक्ति पर नहीं होता। इस कवच के प्रभाव से इर्षा-द्वेष रखने वाले व्यक्तिओ द्वारा होने वाले दुष्ट प्रभावो से रक्षा होती हैं।
- सर्व कार्य सिद्धि कवच के साथ में **शत्रु विजय** कवच के मिले होने की वजह से शत्रु से संबंधित समस्त परेशानिओ से स्वत: ही छुटकारा मिल जाता हैं। कवच के प्रभाव से शत्रु धारण कर्ता व्यक्ति का चाहकर कुछ नही बिगाड़ सकते।

अन्य कवच के बारे मे अधिक जानकारी के लिये कार्यालय में संपर्क करे:

किसी व्यक्ति विशेष को सर्व कार्य सिद्धि कवच देने नही देना का अंतिम निर्णय हमारे पास सुरक्षित हैं।

मंत्र सिद्ध दुर्लभ सामग्री

काली हल्दी:- 370, 550, 730, 1450, 1900	कमल गट्टे की माला - Rs- 370
माया जाल- Rs- 251, 551, 751	हल्दी माला - Rs- 280
धन वृद्धि हकीक सेट Rs-280 (काली हल्दी के साथ Rs-550)	तुलसी माला - Rs- 190, 280, 370, 460
घोडे की नाल- Rs.351, 551, 751	नवरत्न माला- Rs- 1050, 1900, 2800, 3700 & Above
हकीक: 11 नंग-Rs-190, 21 नंग Rs-370	नवरंगी हकीक माला Rs- 280, 460, 730
लघु श्रीफल: 1 नंग-Rs-21, 11 नंग-Rs-190	हकीक माला (सात रंग) Rs- 280, 460, 730, 910
नाग केशर: 11 ग्राम, Rs-145	मूंगे की माला Rs- 1050, 1900 & Above
स्फटिक माला- Rs- 235, 280, 460, 730, DC 1050, 1250	पारद माला Rs- 1450, 1900, 2800 & Above
सफेद चंदन माला - Rs- 460, 640, 910	वैजयंती माला Rs- 190, 280, 460
रक्त (लाल) चंदन - Rs- 370, 550,	रुद्राक्ष माला: 190, 280, 460, 730, 1050, 1450
मोती माला- Rs- 460, 730, 1250, 1450 & Above	विधुत माला - Rs- 190, 280
कामिया सिंदूर- Rs- 460, 730, 1050, 1450, & Above	मूल्य में अंतर छोटे से बड़े आकार के कारण हैं। >> Shop Online | Order Now

मंत्र सिद्ध स्फटिक श्री यंत्र

"श्री यंत्र" सबसे महत्वपूर्ण एवं शक्तिशाली यंत्र है। "श्री यंत्र" को यंत्र राज कहा जाता है क्योकि यह अत्यन्त शुभ फ़लदयी यंत्र है। जो न केवल दूसरे यन्त्रो से अधिक से अधिक लाभ देने मे समर्थ है एवं संसार के हर व्यक्ति के लिए फायदेमंद साबित होता है। पूर्ण प्राण-प्रतिष्ठित एवं पूर्ण चैतन्य युक्त "श्री यंत्र" जिस व्यक्ति के घर मे होता है उसके लिये "श्री यंत्र" अत्यन्त फ़लदायी सिद्ध होता है उसके दर्शन मात्र से अन-गिनत लाभ एवं सुख की प्राप्ति होति है। "श्री यंत्र" मे समाई अद्रितिय एवं अद्रश्य शक्ति मनुष्य की समस्त शुभ इच्छाओं को पूरा करने मे समर्थ होति है। जिस्से उसका जीवन से हताशा और निराशा दूर होकर वह मनुष्य असफ़लता से सफ़लता कि और निरन्तर गति करने लगता है एवं उसे जीवन मे समस्त भौतिक सुखो कि प्राप्ति होति है। "श्री यंत्र" मनुष्य जीवन में उत्पन्न होने वाली समस्या-बाधा एवं नकारात्मक उर्जा को दूर कर सकारत्मक उर्जा का निर्माण करने मे समर्थ है। "श्री यंत्र" की स्थापन से घर या व्यापार के स्थान पर स्थापित करने से वास्तु दोष य वास्तु से सम्बन्धित परेशानि मे न्युनता आति है व सुख-समृद्धि, शांति एवं ऐश्वर्य कि प्रप्ति होती है। >> Shop Online | Order Now

गुरुत्व कार्यालय मे विभिन्न आकार के "श्री यंत्र" उप्लब्ध है

मूल्य:- प्रति ग्राम Rs. 28.00 से Rs.100.00

महाशिवरात्रि आध्यात्मिक आस्था का महापर्व हैं।

संकलन गुरुत्व कार्यालय

हिन्दु धर्म में महाशिवरात्रि को हर्ष और उल्हास का महा पर्व माना जाता हैं। शिव का व्यक्तित्व हर साधारण व्यक्ति की भावनाओं का प्रतीक है। सदियों से भारत में महाशिवरात्रि उत्सव को पूर्ण आस्था और आध्यात्मिकता के साथ सृष्टि के रचनाकर देव महादेव को आभर प्रकट करते हुए उनकी विशेष कृपा प्राप्त करने का विधान हैं। दार्शनिक चिंताधारा से देखे तो मानव जीवन के कल्याण लिये एवं मानवता को जोड़ ने हेतु।

हजारो वर्षो से भारतीय जीवन शैलि स्वाभाविक-अस्वाभाविक रूप से प्रकृति से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संबंध रखती हैं। भारतीय संस्कृति में शिव को सर्वव्यापी पूर्ण ब्रह्म के रूप में समावेष किया गया हैं।

भारतीय संस्कृति मे शिव जी को पिता और उनकी पत्नि पार्वती जी को मां मान कर उनकी आराधना परिवार, समाज एवं विश्व के कल्याण हेतु की जाती हैं। प्रकृति की भेट बेल पत्र द्वारा शिवलिंग पर अभिषेक कर शिव के समीप अपने कार्य या कामना पूर्ति हेतु प्राथना की जाति हैं। जिस्से व्यक्ति अपने कल्याण कर अपनी हिंसक प्रवृति, क्रोध, अहंकार आदि बूरे कर्मो पर अंकुश लगाने में समर्थ हो सकें।

हिंदू संस्कृति में शिव को प्रसन्न करने हेतु शिवरात्रि पर्व पर शिवलिंग की विशेष पूजा-अर्चना की परम्परा हैं। इसि लिये शिवरात्रि पर देश-विदेश के सभी शिव मंदिरों में विभिन्न प्रकार से धार्मिक एवं आध्यात्मिक भावना के साथ पूजा, अर्चना, व्रत एव उपासना की जाती हैं। क्योकि शिव स्वयं विष पान करके सृष्टि को अमृत पान कराते हैं। इसी प्रकार शिवरात्रि का महापर्व संसार से बूराईयों को मिटाकर विश्व को सुख, स्मृद्धि, प्रेम एवं शांति फेलाने का हैं।

महाशिवरात्रि व्रत कथा

एक बार पार्वती ने भगवान शिवजी से पूछा, ऐसा कौन सा श्रेष्ठ तथा सरल व्रत अथवा पूजन हैं, जिससे मृत्यु लोक के प्राणी आपकी कृपा सरल ही प्राप्त कर लेते हैं?

प्रश्न के उत्तर में शिवजी ने पार्वती को शिवरात्रि व्रत का विधान बताकर यह कथा सुनाई-

एक गाँव में एक शिकारी रहता था। पशुओं को मार करके वह अपने कुटुम्ब को पालता था। शिकारी एक साहूकार का ऋणी था, लेकिन शिकारी साहूकार का ऋण समय पर न चुका सका। क्रोधवश साहूकार ने शिकारी को शिवमठ में बंदी बना लिया। संयोग से उस दिन शिवरात्रि थी।

शिकारी ध्यानमग्न होकर शिव संबंधी धार्मिक बातें सुनता रहा। चतुर्दशी को उसने शिवरात्रि की कथा भी सुनी। संध्या होते ही साहूकार ने उसे अपने पास बुलाया और ऋण चुकाने के विषय में बात की। शिकारी अगले दिन सारा ऋण लौटा देने का वचन देकर बंधन से छूट गया। अपनी दिनचर्या की भाँति वह जंगल में शिकार के लिए निकला, लेकिन दिनभर बंदीगृह में बंधक रहने के कारण भूख-प्यास से व्याकुल था। शिकार करने के लिए वह एक तालाब के किनारे बेल वृक्ष पर पड़ाव बनाने लगा। उस बेल-वृक्ष के नीचे शिवलिंग था जो बिल्वपत्रों से ढँका हुआ था। शिकारी को शिवलिंग का पता न चला। पड़ाव बनाते समय उसने बेल वृक्ष की टहनियाँ तोड़ कर नीचे फेकदी शिकारी ने जो टहनियाँ तोड़ीं, वे संयोग से शिवलिंग पर गिरीं। इस प्रकार दिनभर भूखे-प्यासे शिकारी का व्रत भी हो गया और शिवलिंग पर बेलपत्र भी चढ़ गए।

एक पहर रात्रि बीत जाने पर एक गर्भिणी मृगी तालाब पर पानी पीने पहुँची। शिकारी ने धनुष पर तीर चढ़ाकर ज्यों ही प्रत्यंचा खींची, मृगी बोली, 'मैं गर्भिणी हूँ। शीघ्र ही प्रसव करूँगी। तुम एक साथ दो जीवों की हत्या करोगे, जो ठीक नहीं है। मैं अपने बच्चे को जन्म देकर शीघ्र ही तुम्हारे सामने प्रस्तुत हो जाऊँगी, तब तुम मुझे मार लेना।' शिकारी ने प्रत्यंचा ढीली कर दी और मृगी झाड़ियों में लुप्त हो गई। कुछ ही देर बाद एक और मृगी उधर से निकली। शिकारी की प्रसन्नता का ठिकाना न रहा। समीप आने पर उसने धनुष पर बाण चढ़ाया। तब उसे देख मृगी ने विनम्रतापूर्वक निवेदन किया, 'हे पारधी ! मैं थोड़ी देर पहले ही ऋतु से निवृत्त हुई हूँ। कामातुर विरहिणी हूँ। अपने प्रिय की खोज में भटक रही हूँ। मैं अपने पति से मिलकर शीघ्र ही तुम्हारे पास आ जाऊँगी।'

शिकारी ने उसे भी जाने दिया। दो बार शिकार को खोकर उसका माथा ठनका। वह चिंता में पड़ गया। रात्रि का आखिरी पहर बीत रहा था। तभी एक अन्य मृगी अपने बच्चों के साथ उधर से निकली शिकारी के लिए यह स्वर्णिम अवसर था। उसने धनुष पर तीर चढ़ाने में देर न लगाई, वह तीर छोड़ने ही वाला था कि मृगी बोली, 'हे पारधी! मैं इन बच्चों को पिता के हवाले करके लौट आऊँगी। इस समय मुझे मत मार।' शिकारी हँसा और बोला, 'सामने आए शिकार को छोड़ दूँ, मैं ऐसा मूर्ख नहीं। इससे पहले मैं दो बार अपना शिकार खो चुका हूँ। मेरे बच्चे भूख-प्यास से तड़प रहे होंगे।'

उत्तर में मृगी ने फिर कहा, 'जैसे तुम्हें अपने बच्चों की ममता सता रही है, ठीक वैसे ही मुझे भी, इसलिए सिर्फ बच्चों के नाम पर मैं थोड़ी देर के लिए जीवनदान माँग रही हूँ। हे पारधी! मेरा विश्वास कर मैं इन्हें इनके पिता के पास छोड़कर तुरंत लौटने की प्रतिज्ञा करती हूँ।'

मृगी का दीन स्वर सुनकर शिकारी को उस पर दया आ गई। उसने उस मृगी को भी जाने दिया। शिकार के आभाव में बेलवृक्ष पर बैठा शिकारी बेलपत्र तोड़-तोड़कर नीचे फेंकता जा रहा था। पौ फटने को हुई तो एक हृष्ट-पुष्ट मृग उसी रास्ते पर आया। शिकारी ने सोच लिया कि इसका शिकार वह अवश्य करेगा।

शिकारी की तनी प्रत्यंचा देखकर मृग विनीत स्वर में बोला,' हे पारधी भाई! यदि तुमने मुझसे पूर्व आने वाली तीन मृगियों तथा छोटे-छोटे बच्चों को मार डाला है तो मुझे भी मारने में विलंब न करो, ताकि उनके वियोग में मुझे एक क्षण भी दुःख न सहना पड़े। मैं उन मृगियों का पति हूँ। यदि तुमने उन्हें जीवनदान दिया है तो मुझे भी कुछ क्षण जीवनदान देने की कृपा करो। मैं उनसे मिलकर तुम्हारे सामने उपस्थित हो जाऊँगा।'

मृग की बात सुनते ही शिकारी के सामने पूरी रात का घटना-चक्र घूम गया। उसने सारी कथा मृग को सुना दी। तब मृग ने कहा, 'मेरी तीनों पत्नियाँ जिस प्रकार प्रतिज्ञाबद्ध होकर गई हैं, मेरी मृत्यु से अपने धर्म का पालन नहीं कर पाएँगी। अतः जैसे तुमने उन्हें विश्वासपात्र मानकर छोड़ा है, वैसे ही मुझे भी जाने दो। मैं उन सबके साथ तुम्हारे सामने शीघ्र ही उपस्थित होता हूँ।'

उपवास, रात्रि जागरण तथा शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाने से शिकारी का हिंसक हृदय निर्मल हो गया था। उसमें भगवद् शक्ति का वास हो गया था। धनुष तथा बाण उसके हाथ से सहज ही छूट गए। भगवान शिव की अनुकम्पा से उसका हिंसक हृदय कारुणिक भावों से भर गया। वह अपने अतीत के कर्मों को याद करके पश्चाताप की ज्वाला में जलने लगा।

थोड़ी ही देर बाद मृग सपरिवार शिकारी के समक्ष उपस्थित हो गया, ताकि वह उनका शिकार कर सके, किंतु जंगली पशुओं की ऐसी सत्यता, सात्विकता एवं सामूहिक प्रेमभावना देखकर शिकारी को बड़ी ग्लानि हुई। उसके नेत्रों से आँसुओं की झड़ी लग गई। उस मृग परिवार को न मारकर शिकारी ने अपने कठोर हृदय को जीव हिंसा से हटा सदा के लिए कोमल एवं दयालु बना लिया।

देव लोक से समस्त देव समाज भी इस घटना को देख रहा था। घटना की परिणति होते ही देवी-देवताओं ने पुष्प वर्षा की। तब शिकारी तथा मृग परिवार मोक्ष को प्राप्त हुए।

शिवरात्रि पूजन विधान

संकलन गुरुत्व कार्यालय

महाशिवरात्रि के दिन शिवजी का पूजन अर्चन करने से उनकी कृपा सरलता से प्राप्त होति हैं, इस लिये शिवभक्त, शिवालय/शिव मंदिरों में जाकर शिवलिंग पर दूध, गंगाजल, बेल-पत्र, पुष्प आदि से अभिषेक कर, शिवजी का पूजन कर उपवास कर रात्रि जागरण कर भजन कित्तन करते हैं।

शास्त्रो मे वर्णन मिलता हैं की शिवरात्रि के दिन शिवजी की माता पर्वती से शादी हुई थी इसलिए रात्र के समय शिवजी की बारात निकाली जाती हैं।

शिवरात्रि का पर्व सृष्टि का सृजन कर्ता स्वयं परमात्मा के सृष्टि पर अवतरित होने की स्मृति दिलाता है। यहां 'रात्रि' शब्द अज्ञान (अन्धकार) से होने वाले नैतिक कर्मो के पतन का द्योतक है। केवल परमात्मा ही ज्ञान के सागर हैं जो मनुष्य मात्र को सत्य ज्ञान द्वारा अन्धकार से प्रकाश की ओर अथवा असत्य से सत्य की ओर ले जाते हैं।

शिवरात्रि का व्रत सभी वर्ग एवं उम्र के लोग कर सकते हैं। इस व्रत के विधान में सुबह स्नान इत्यादि से निवृत्त होकर उपवास रखा जाता हैं।

शिवरात्रि के दिन शिव मंदिर/शिवालय में जाकर शिव लिंग पर अपने कार्य उद्देश्य की पूर्ति के अनुरुप दूध, दही, गंगाजल, घी, मधु (मध,महु), चीनी (मिश्रि) बेल-पत्र, पुष्प आदि का शिव लिंग पर अभिषेक कर शिवलिंग पूजन का विधान हैं।

शिवलिंग पर अभिषेक का महत्व

अभिषक अर्थात स्नान कारना अथवा किसी निर्धारित पदार्थ से वस्तु विशेष पर अर्पण पदार्थ को डालना। शिवलिंग पर स्नान अथवा अभिषेक करना। अभिषेक में भी रुद्राभिषेक का विशेष महत्व हैं। रुद्राभिषेक में रुद्रमंत्रों के उच्चारण के साथ शिवलिंग पर अभिषेक किया जाता हैं।

रुद्राभिषेक को भगवान शिव की आराधना का सर्वश्रेष्ठ उपायो में से एक माना गया हैं। विद्वानो के मत से धर्म शास्त्रो में शिव को जलधारा से अभिषेक करना सर्वाधिक प्रिय माना जाता है। विद्वानो के अनुशार भारत के प्रमुख ग्रंथ ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद में उल्लेखित मंत्रो का प्रयोग रुद्रमंत्रों के रुप में किया जाता हैं।

रुद्राक्ष की उत्पत्ति

संकलन गुरुत्व कार्यालय

रुद्रस्य अक्षि रुद्राक्षः, अक्ष्युपलक्षितम् अश्रु, तज्जन्यः वृक्षः। पुटाभ्यां चारुचक्षुर्भ्यां पतिता जलबिंदवः। तत्राश्रुबिन्दवो जाता वृक्षा रुद्राक्षसंज्ञकाः॥

रुद्राक्ष को भगवान शिव का प्रतिक माना जाता है। रुद्राक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव के अश्रु से हुइथी इस लिये इसे रुद्राक्ष कह जाता है। रुद्र का अर्थ है शिव और अक्ष का अर्थ है आँख। दोनो को मिलाकर रुद्राक्ष बना।

रूद्र+अक्ष शब्द का संयोग रूद्राक्ष कहलाता है। रुद्र का अर्थ है। भगवान शिव का रौद्र रूप और अक्ष का अर्थ है आँख। दोनो को मिलाकर रुद्राक्ष बना।

रुद्राक्ष भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए विशेष रुप से फलदायी सिद्ध होता हैं। धर्मग्रंथों, शास्त्रों व पुराणों में रुद्राक्ष की महिमा का विस्तार से वर्णन किया गया है। यहां पाठको के मार्गदर्शन के लिए कुछ प्रमुख ग्रंथो में उल्लेखित रुद्राक्ष से संबंधित जानकारीयां दी जा रही हैं।

रुद्राक्ष के गुणो का विस्तृत वर्णन लिंगपुराण, मत्स्यपुराण, स्कंदपुराण, शिवमहापुराण, पदमपुराण, महाकाल संहिता मन्त्र, महार्णव निर्णय सिन्धु, बृहज्जाबालोपनिषद्, कालिकापुराण, रूद्राक्ष जबलोपनिषद, वाराह पुराण, विष्णुधर्मोत्तर पुराण, शिवतत्त्व रत्नाकार, बालोपनिषद, रुद्रपुराण, काठक संहिता, कात्यायनी तंत्र, श्रीमदभागवत, देवी भागवत, मुण्डकोपनिषद, भगवत कर्मपुराण, ऋग्वेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद, पारस्कर ग्रहसूत्र, विष्णुधर्म सूत्र, समरांगण सूत्रधार, याज्ञवलक्य स्मृति, नित्याचार प्रदीप, वैदिक देवता कल्याण आदि उपनिषदो एवं तन्त्र मन्त्र आदि ग्रन्थो मे मिलता है। विद्वानो के मत से रुद्राक्ष की उत्पत्ति के संबंध में विभिन्न ग्रंथो में विभिन्न पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं।

रुद्राक्ष भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए विशेष रुप से फलदायी सिद्ध होता हैं। पुराणों में रुद्राक्ष की महिमा का विस्तार से वर्णन किया गया है। रुद्राक्ष धारण करने से सौभाग्य प्राप्त होता है।

एक कथा के अनुसार:

एक बार भगवान शिव ने सैकडों हजार वर्षो तक अंतर्ध्यान रहे। जब भगवान शिव ने ध्यान पूर्ण होने के बाद जब शिवजी ने अपने नेत्र खोले, तो उनके नेत्र से आंसुओं की धारा निकलने लगी। शिवजी के नेत्रों से निकली यहं दिव्य अश्रु-बूंद भूलोक पर गिरी, भूलोक पर जहां-जहां भी अश्रु बुंदे गिरे, उनसे अंकुरण फूट पडा! बाद में यही रुद्राक्ष के वृक्ष बन गए। कालांतर में यही रुद्राक्ष शिव भक्तो के प्रिय बन कर समग्र विश्व में व्याप्त हो गए।

दूसरी कथा के अनुशार:

एक बार सती के पिता दक्ष प्रजापति ने अपने यहां यज्ञ का आयोजन किया। हवन करते समय दक्षने भगवान शिव का अपमान कर दिया। शिवजी के अपमान पर क्रोधित होकर शिव की पत्नी सती ने स्वयं को अग्निकुंड में समाहित करलिया। सती का जला शरीर देख कर शिव अत्यंत क्रोधित हो गए।

भगवान शिव ने उन्मत कि भांति सती के जले हुए शरीर को कंधे पर रख वे सभी दिशाओं में भ्रमण करने लगे। सृष्टि व्याकुल हो उठी भयानक संकट उपस्थित देखकर सृष्टि के पालक भगवान विष्णु आगे बढ़े। उन्हों ने भगवान शिव कि बेसुधी में अपने चक्र से सती के एक-एक अंग को काट-काट कर गिराने लगे। धरती पर इक्यावन स्थानों में सती के अंग कट-कटकर गिरे। जब सती के सारे अंग कट कर गिर गए, तो भगवान शिव पुनः अपने आप में वापस आए। तब शिवजी के नेत्रों से आंसू निकले और उससे रुद्राक्ष के वृक्ष उत्पन्न हो गए।

कुछ विद्वानो का मानना हैं शिवजी ने सती का पार्थिव शरीर अपने कंधे लेकर संपूर्ण ब्रह्मांड को भस्म

कर देने के उद्देश्य से तांडव नृत्य करने लगे। सती का जला शरीर धीरे-धीरे पूरे ब्रह्मांड में बिखर ने लगा। अंत में सिर्फ उनके देह की भस्म ही शिवजी के शरीर पर रह गई, जिसे देख कर शिवजी रो पडे उस समय जो आंसू उनकी आंखों से गिरे, वही पृथ्वी पर रुद्राक्ष के वृक्ष बने।

स्कंद पुराण की कथा:

एक बार भगवान कार्तिक ने अपने पिता भगवान शिवजी से पूछा:- हे पिता श्री ! यह रुद्राक्ष कया हैं? रुद्राक्ष को धाराण करना इस लोक और परलोक में श्रेष्ठ क्यों माना जाता हैं? रुद्राक्ष के कितने मुख होते हैं? उसके कौन से मंत्र हैं? मनुष्य रुद्राक्ष को किस प्रकार धारण करें? कृपा कर यह सब आप मुझे विस्तार से समझाए?

शिव जी बोले हे षडानन रुद्राक्ष की उत्पत्ति का वर्णन मैं तुम्हें संक्षिप्त में बता रहा हूं।

शंकर उवाच:

श्रृणु षण्मुख तत्वेन कथयामि समासतः।
त्रिपुरो नाम दैत्येन्द्रः पूर्वमासीत्सुदुर्जयः॥

अर्थातः हे षडानन (छह वाला) स्कंदजी ! तुम सुनो, पूर्वकाल में त्रिपुर नामक एक महान शक्तिशाली व पराक्रमी दैत्यों का राजा हुआ था। त्रिपुर को जीतने में देव-दानव में से कोई भी समर्थ नहीं था।

उसने अपने पराक्रम से संपूर्ण देवलोक को जीत लिया। तब ब्रह्मा, विष्णुअ, इन्द्रादि सभी देव एवं मुनि गण मेरे पास आए और दैत्यराज त्रिपुर को मारने की प्राथना की। तब मैने त्रिपुर को मारने का निश्चितय किया। लेकिन त्रिपुर को हम त्रिदेवों से अनेक वर प्राप्त थे, इसलिए युद्ध में एक हजार दिव्य वर्षों तक का लम्बा समय लगा।

तब मैंने बिजली के समान चमकदार एवं दिव्य तेजयुक्त कालाग्नि नामक अमोघ शस्त्र से त्रिपुर पर तीव्र प्रकार कियी। उस दिव्य शस्त्र की दिव्य विस्फोटक चमक को देखने में किसी के भी नेत्र देख ने में समर्थता नहीं थी उसी समय कुछ क्षण के लिए मेरे नेत्र बंद रहे। योगमाया की अद्भुत लीलासे जब मैने अपने दोनों नेत्रो को खोला तब नेत्रों से स्वतः ही अश्रु की कुछ बुंदे गिरी।

तेनाश्रुबिंदुभिर्जाता मर्त्ये रुद्राक्षभूरुहाः।

उस नेत्र से निकले अश्रृ बिंदु से भूलोक में रुद्राक्ष के वृक्ष उत्पन्न हो गए।

भक्तों पर कृपा करने के लिए एवं संसारका कल्याण हो इस लक्ष्य से मेरे ये अश्रुबिंदु रुद्राक्ष के रुप में व्याप्त हो गये और रुद्राक्ष के नाम से विख्यात हो गए, ये षडानन रुद्राक्ष को धारण करने से महापुण्य प्राप्त होता हैं। इसमें तनिक भी संदेह नहीं है। फिर मैंने रुद्राक्ष को विष्णु भक्तों तथा चारों वर्गों के लोगो को बांट दिए। शिवजी बोले भूलोक पर अपने भक्तो के कल्याणार्थ मैंने रुद्राक्ष को भिन्न स्थानो में रुद्राक्ष के अंकुर उगा कर उन्हें उत्पन्न किया।

महाशिवरात्रि में रुद्राक्ष धारण करना परम कल्याणकारी हैं?

संकलन गुरुत्व कार्यालय

रुद्र के अक्ष से प्रकट होने के कारण रुद्राक्ष को साक्षात शिव का लिंगात्मक स्वरुप माना गया हैं। विद्वानो का कथ हैं की रुद्राक्ष में एक विशिष्ट प्रकार की दिव्य उर्जा शक्ति समाहित होती हैं। प्रायः सभी ग्रंथकारों व विद्वानो ने रुद्राक्ष को असह्य पापों को नाश करने वाला माना हैं।

इस लिए शिव माहा पुराण में उल्लेख किया गया हैं।

शिवप्रियतमो ज्ञेयो रुद्राक्षः परपावनः।
दर्शनात्स्पर्शनाज्जाप्यात्सर्वपापहरः स्मृतः॥

अर्थातः रुद्राक्ष अत्यंत पवित्र, शंकर भगवान का अति प्रिय हैं। उसके दर्शन, स्पर्श व जप द्वारा सर्व पापों का नाश होता हैं।

रुद्राक्ष धारणाने सर्व दुःखनाशः

अर्थातः रुद्राक्ष असंखय दुःखों का नाश करने वाला हैं।

रुद्राक्ष शब्द के उच्चारण से गोदा का फल प्राप्त होता हैं। रुद्राक्ष के विषय में रुद्राक्ष जावालोपनिषद में स्वयं भगवान कालग्नी का कथन हैं:

तद्रुद्राक्षे वाग्विषये कृते दशगोप्रदानेन
यत्फलमवाप्नोति तत्फलमश्नुते ।
करेण स्पृष्ट्वा धारणमात्रेण द्विसहस्त्र
गोप्रदान फल भवति ।
कर्णयोर्धार्यमाणे एकादश सहस्त्र गोप्रदानफलं भवति ।
एकादश रुद्रत्वं च गच्छति ।
शिरसि धार्यमाणे कोटि ग्रोप्रदान फलं भवति ।

अर्थातः रुद्राक्ष शब्द के उच्चारण से दश गोदान (गाय का दान) का फल प्राप्त होता हैं। रुद्राक्ष का स्पर्श करने व धारण करने से दो हजार गोदान (गाय का दान) का फल मिलता हैं। दोनो कानो पर रुद्राक्ष धारण करने से ग्यारा हजार गोदान (गाय का दान) का फल मिलता हैं। गले में रुद्राक्ष धारण करने से करोड़ो गोदान (गाय का दान) का फल मिलता हैं।

अलग-अलग रंगों के रुद्राक्ष में अलग-अलग प्रकार की शक्तियां निहित होती हैं। इस लिये रंगो के अनुसार रुद्राक्ष का प्रभाव मनुष्य पर पड़ता हैं।

ब्राह्मणाः क्षत्रियाः वैश्याः शूद्राश्चेति शिवाज्ञया ।
वृक्षा जाताः पृथिव्यां तु तज्जातीयोः शुभाक्षमः ।
श्वेतास्तु ब्राह्मण ज्ञेयाः क्षत्रिया रक्तवर्णकाः ॥
पीताः वैश्यास्तु विज्ञेयाः कृष्णाः शूद्रा उदाह्रृताः ॥

अन्य श्लोक में उल्लेख हैं:

ब्राह्मणाः क्षत्रिया वैश्याः शूद्रा जाता ममाज्ञया ॥
रुद्राक्षास्ते पृथिव्यां तु तज्जातीयाः शुभाक्षकाः ॥
श्वेतरक्ताः पीतकृष्णा वर्णाज्ञेयाः क्रमाद्बुधैः ॥
स्वजातीयं नृभिर्धार्यं रुद्राक्षं वर्णतः क्रमात् ॥

श्वेत रंगः सफेद रंग वाले रुद्राक्ष में सात्विक उर्जायुक्त ब्रह्म स्वरुप शक्ति समाहित होती हैं। इस लिए ब्राह्मण को श्वेत वर्ण का रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।

रक्तवर्णीय (ताम्र के समान आभायुक्त) : रक्त रंग की आभायुक्त रुद्राक्ष में राजसी उर्जायुक्त शत्रुसंहारक शक्ति समाहित होती हैं। इस लिए क्षत्रिय को रक्तवर्णीय रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।

पीतवर्णीय (कांचन या पीली आभायुक्त) : पीले रंग की आभायुक्त रुद्राक्ष में राजसी व तामसी दोनों प्रकार की संयुक्त उर्जा शक्ति समाहित होती हैं। इस लिए वैश्य को पीतवर्णीय रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।

कृष्णवर्णीयः काले रंग की आभायुक्त रुद्राक्ष में तामसी उर्जायुक्त सेवा व समर्पणात्मक शक्ति समाहित होती हैं। इस लिए शूद्र को कृष्णवर्णीय रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।

यह शास्त्रों मे उल्लेखित विद्वान ऋषियों का निर्देश है कि मनुष्य को अपने वर्ण के अनुरूप श्वेत, रक्त, पीत और कृष्ण वर्ण के रुद्राक्ष धारण करने चाहिए। विशेषकर भगवान शिव के भक्तो के लिये तो रुद्राक्ष को धारण करना परम आश्यक हैं।

वर्णैस्तु तत्फलं धार्यं भुक्तिमुक्तिफलेप्सुभिः ॥
शिवभक्तैर्विशेषेण शिवयोः प्रीतये सदा ॥
सर्वाश्रमाणांवर्णानां स्त्रीशूद्राणां।
शिवाज्ञया धार्याः सदैव रुद्राक्षाः॥

सभी आश्रमों (ब्रह्मचारी, वानप्रस्थ, गृहस्थ और संन्यासी) एवं वर्णों तथा स्त्री और शूद्र को सदैव रुद्राक्ष धारण करना चाहिये, यह शिवजी की आज्ञा है!

रुद्राक्ष को तीनों लोकों में पूजनीय हैं। रुद्राक्ष के स्पर्श से लक्ष गुणा तथा रुद्राक्ष की माला धारण करने से करोड़ गुना फल प्राप्त होता हैं। रुद्राक्ष की माला से मंत्र जप करने से अनंत कोटि फल की प्राप्ति होती हैं।

जिस प्रकार समस्त लोक में शिवजी वंदनीय एवं पूजनीय हैं उसी प्रकार रुद्राक्ष को धारण करने वाला व्यक्ति संसार में वंदन योग्य हैं।

रुद्राक्ष धारण फलम्

रुद्राक्षा यस्य गोत्रेषु ललाटे च त्रिपुण्ड्रकम्।
स चाण्डालोऽपि सम्म्पूज्यः सर्ववर्णोत्तमो भवेत्॥

अर्थातः जिसके शरीर पर रुद्राक्ष हो और ललाट पर त्रिपुण्ड हो, वह चाण्डाल भी हो तो सब वर्णो में उत्तम पूजनीय हैं।

अभक्त हो या भक्त हो, नींच से नीच व्यक्ति भी यदी रुद्राक्ष को धारण करता हैं, तो वह समस्त पातको के मुक्त हो जाता हैं।

जो मनुष्य नियमानुशार सहस्त्ररुद्राक्ष धारण करता हैं उसे देवगण भी वंदन करते हैं।

उच्छिष्टो वा विकर्मो वा मुक्तो वा सर्वपातकैः।
मुच्यते सर्वपापेभ्यो रुद्राक्षस्पर्शनेन वै॥

अर्थातः जो मनुष्य उच्छिष्ट अथवा अपवित्र रहते हैं या बुरे कर्म करने वाल व अनेक प्रकार के पापों से युक्त वह मनुष्य रुद्राक्ष का स्पर्श करते ही समस्त पापों से छूट जाते हैं।

कण्ठे रुद्राक्षमादाय म्रियते यदि वा खरः।
सोऽपिरुद्रत्वमाप्नोति किं पुनर्भुवि मानवः।

अर्थातः कण्ठ में रुद्राक्ष को धारण कर यदि खर(गधा) भी मृत्यु को प्राप्त हो जाए तो वह भी रुद्र तत्व को प्राप्त होता हैं, तो पृथ्वीलोक के जो मनुष्य हैं उनके बारे में तो कहना ही क्या! आर्थात् सर्व सांसारिक मनुष्यों को स्वर्ग-प्राप्ति व लोक परलोक सुधारने के लिए रुद्राक्ष अवश्य धारण करने योग्य हैं।

रुद्राक्षं मस्तके धृत्वा शिरः स्नानं करोति यः।
गंगास्नानंफलं तस्य जायते नात्र संशयः॥

अर्थातः रुद्राक्ष को मस्तक पर धारण करके जो मनुष्य सिर से स्नान करता हैं उसे गंगा स्नान के समान परम पवित्र स्नान का फल प्राप्त होता हैं तथा वह मनुष्य समस्त पापों से मुक्त हो जाता हैं इसमें संशय नहीं हैं।

1 से 14 मुखी रुद्राक्ष धारण करने से लाभ

संकलन गुरुत्व कार्यालय

एक मुखी:

एक मुखी रुद्राक्ष साक्षात ब्रह्म स्वरुप हैं।

❖ एक मुखी रुद्राक्ष काजू के समान अर्थात अर्धचंद्राकार स्वरुप में प्राप्त होते हैं। एक मुखी रुद्राक्ष गोल आकार में सरलता से प्राप्त नहीं होता हैं। क्योकि गोलाकार में मिलना दुर्लभ मानागया हैं। बडे सौभाग्य किसी मनुष्य को गोल एक मुखी रुद्राक्ष के दर्शन एवं प्राप्त से होता हैं।

- इस लिए एकमुखी रुद्राक्ष भोग व मोक्ष प्रदान करने वाला हैं।
- जो मनुष्य ने एकमुखी रुद्राक्ष धारण किया हो उस पर मां लक्ष्मी हमेशा कृपा वर्षाती हैं। या जिस घर में एकमुखी रुद्राक्ष का पूजन होता हों वहां लक्ष्मी का स्थाई वास होता हैं।
- एकमुखी रुद्राक्ष धारण करने वाले मनुष्य के घर में धन-धान्य, सुख-समृद्धि-वैभव, मान-सम्मान प्रतिष्ठा में वृद्धि करने वाला हैं।
- एकमुखी रुद्राक्ष धारण करने वाले मनुष्य की सभी प्रकार की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।
- जिस स्थान पर एकमुखी रुद्राक्ष होता हैं वहां से समस्त प्रकार के उपद्रवो का नाश होता हैं।
- एकमुखी रुद्राक्ष धारण करने से अंतःकरण में दिव्य-ज्ञान का संचार होता हैं।
- भगवान शिव का वचन हैं की एकमुखी रुद्राक्ष धारण करने से ब्रह्महत्या व पापों का नाश करने वाला हैं।
- एकमुखी रुद्राक्ष सर्व प्रकार कि अभीष्ट सिद्धियों को प्रदान करने वाला हैं।
- एकमुखी रुद्राक्ष धारण करने से धारण कर्ता में सात्विक उर्जा में वृद्धि करने में सहायक, मोक्ष प्रदान करने समर्थ हैं।
- एकमुखी रुद्राक्ष धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष प्रदान करने वाला होता हैं।

एक मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ एं हं औं ऎं ॐ॥

दोमुखी रुद्राक्ष:

- दो मुखी रुद्राक्ष बादाम के समान आकार में व गोलाकार स्वरुप दोनो स्वरुपों में प्राप्त होता हैं।
- दो मुखी रुद्राक्ष साक्षात अर्द्धनारीश्वर का स्वरुप हैं। कुछ ग्रंथो में दो मुख वाले रुद्राक्ष को देव देवेश्वर कहा गया हैं।
- शिव-शक्ति की निरंतर कृपा प्राप्ति हेतु दोमुखी रुद्राक्ष विशेष लाभकारी होता हैं।
- दो मुखी रुद्राक्ष धारण करने से मानसिक शांति प्राप्त होकर तामसिक प्रवृत्तियों का नाश होता हैं।
- दो मुखी रुद्राक्ष धारण कर्ता को आध्यात्मिक उन्नति के लिए सहायता प्रदान करता हैं।
- दो मुखी रुद्राक्ष धारण करने से उदर संबंधित समस्याओं से मुक्ति मिलती हैं।
- दो मुखी रुद्राक्ष आकस्मिक दुर्घटनाओं से रक्षा करने में सहायक सिद्ध होता हैं।
- दो मुखी रुद्राक्ष धारण करने से गौ हत्या के पापों का नाश करता हैं।
- दो मुखी रुद्राक्ष से अनेक प्रकार की व्याधियां स्वतः ही शांत हो जाती हैं।
- दो मुखी रुद्राक्ष मनुष्य की मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला एवं शुभ फल प्रदान करने वाला हैं।
- यदि दो मुखी रुद्राक्ष को गर्भवती स्त्री अपनी कमर पर या भुजा पर धारण करती हैं तो गर्भावस्था के नौ महिने तक उसकी अनजाने भय, तोने-तोटके, बेहोशी, हिस्टीरिया, बूरे स्वप्न आदि से रक्षा होती हैं। साथा ही एक रुद्राक्ष को गर्भवती स्त्री के बिस्तर पर

तकिए के नीचे एक डिब्बि में रखने से अधिक लाभ प्राप्त होता हैं।

दो मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ क्षीं ह्रीं क्षौं व्रीं ॐ॥

तीन मुखी रुद्राक्ष:

- तीन मुखी रुद्राक्ष थोडा लंबे आकार में व गोलाकार स्वरुप दोनो स्वरुपों में प्राप्त होता हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष साक्षात अग्नि का स्वरुप हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से गंभिर बीमारियों से रक्षा होती हैं।
- यदि कोई लम्बे समय से रोगग्रस्त हैं तो उसके तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से रोग से शीघ्र मुक्ति मिलती हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करना पीलिया के रोगी के लिए अत्याधिक लाभकारी होता हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से स्फूर्ति, कार्यक्षमता में वृद्धि होती हैं।
- जानकारों के मतानुशार तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से स्त्री हत्या इत्यादि पापों का नाश होता हैं। कुछ विद्वानो का मत हैं की तीन मुखी रुद्राक्ष ब्रह्म हत्या के पाप को नाश करने में भी समर्थ हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से शीत ज्वर दूर होता हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से अद्भुत विद्या की प्राप्ति होती हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करना मंदबुद्धि बच्चों के बौधिक विकास के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होता हैं।
- निम्न रक्तचाप को दूर करने में भी तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करना लाभदायक होता हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से अग्निदेव की कृपा प्राप्त होती हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष से अग्नि भय से रक्षण होता हैं।

तीनमुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ रं हूं ह्रीं हूं ओं॥

चार मुखी रुद्राक्ष:

- चार मुखी रुद्राक्ष साक्षात ब्रह्मा का स्वरुप हैं।
- चार मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से बौधिक शक्ति का विकास होता हैं।
- विद्याध्ययन करने वाले बच्चो के बौधिक विकास एवं स्मरण शक्ति के विकास के लिए चार मुखी रुद्राक्ष उत्तम फलदायि सिद्ध होता हैं।
- चार मुखी रुद्राक्ष धारण करने से वाणी में मिठास आती हैं।
- चार मुखी रुद्राक्ष धारण करने से मानसिक विकार दूर होते हैं।
- विद्वानो का कथन है की चार मुखी रुद्राक्ष के दर्शन एवं स्पर्श से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चारों पुरुषार्थो की शीघ्र प्राप्ति होती हैं।
- चार मुखी रुद्राक्ष धारण करने से जीव हत्या के पापों का नाश होता हैं।
- चार मुखी रुद्राक्ष धारण करने से दिव्य ज्ञान की प्राप्ति होती हैं।
- चार मुखी रुद्राक्ष को अभीष्ट सिद्धियों को प्राप्त करने में सहायक व कल्याणकारी हैं।

चार मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ व्रां क्रां तां हां ई॥

पंच मुखी रुद्राक्ष:

- पंच मुखी रुद्राक्ष साक्षात कालाग्नि का स्वरुप हैं।
- पंच मुखी रुद्राक्ष धारण करने से सभी प्रकार के अनिष्ट एवं कश्टो से मुक्ति मिलती हैं।
- पंच मुखी रुद्राक्ष मनोवांचित फल प्राप्त करने हेतु उत्तम हैं।
- पंचमुखी रुद्राक्ष धारण करने से सुख-शांति प्राप्त होती हैं।
- पंच मुखी रुद्राक्ष शत्रु भय से रक्षा करने के लिए भी लाभदायक मानाजाता हैं।
- पंच मुखी रुद्राक्ष धारण करने से जहरीले जीव-जंतुओं से रक्षा होती हैं।
- विष के प्रभाव को कम करने में पंचमुखी रुद्राक्ष अति लाभदायक हैं।

- महापुरुषो का कथन हैं की पंचमुखी रुद्राक्ष धारण करने से परस्त्री गमन, अभक्ष्य भोजन का भक्षण करने के पापों से मुक्ति मिलती हैं। चित्त का शुद्धि करण हो जाता हैं।
- पंचमुखी रुद्राक्ष को पंचतत्त्वों का प्रतीक मानाजाता हैं।
- पंच मुखी रुद्राक्ष को शास्त्रकारों ने आयुवर्द्धक एवं सर्वकल्याणकारी व मंगलप्रदायक माना हैं।
- पंच मुखी रुद्राक्ष अभीष्ट कार्यो की सिद्धि हेतु लाभदाय होता हैं।

जन सामान्य में एसी भ्रमक धारणाएं हैं की पंच मुखी रुद्राक्ष सस्ता एवं आसानी से मिलने के कारण यह अधिक लाभकारी नहीं होता। लेकिन वास्तविकता इससे परे हैं जानकारों का मत हैं की पंचमुखी सर्वाधिक लाभकारक होता हैं। मनुष्य को अपने उद्देश्य की पूर्ति हेतु आवश्यक्ता के अनुशार रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।

पंच मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ ह्रां आं क्ष्म्यौं स्वाहा॥

छः मुखी रुद्राक्ष:

- छः मुखी रुद्राक्ष साक्षात कार्तिकेय का स्वरुप हैं। कुछ विद्वानो के मत से छः मुखी रुद्राक्ष गणेशजी का प्रतिक हैं।
- छः मुखी रुद्राक्ष धारण करने से माता पार्वती शीघ्र प्रसन्न्न होती हैं।
- छः मुखी रुद्राक्ष धारण करने से विद्या प्राप्ति में सफलता प्राप्त होती हैं। अतः छः मुखी रुद्राक्ष विद्यार्थियों के लिए उत्तम रहता हैं।
- छः मुखी रुद्राक्ष धारण करने से वाक शक्ति में निपुणता आती हैं।
- छः मुखी रुद्राक्ष धारण करने से व्यवसायीक कार्यों में लाभ प्राप्त होता हैं।
- छः मुखी रुद्राक्ष से मनुष्यको भौतिक सुख-संपन्नता प्राप्त होती हैं।
- छः मुखी रुद्राक्ष धारण करने दारिद्र्यता दूर होती हैं।
- जानकारों नें छः मुखी रुद्राक्ष को धारण करना मूर्च्छा जैसी बीमारी में लाभदायक बताया हैं।
- छः मुखी रुद्राक्ष धारण करने से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफलता प्राप्त होती हैं।
- छः मुखी रुद्राक्ष धारण करने से अपार शक्ति प्राप्त होती हैं व मनुष्यकी सकल इच्छाओं की पूर्ति होती हैं।
- माहापुरुषो का कथन हैं की छः मुखी रुद्राक्ष धारण करने से भ्रूणहत्या आदि पापों का निवारण होता हैं।
- इस लिए इसे शत्रुंजय रुद्राक्ष कहां जाता हैं।
- छः मुखी रुद्राक्ष धारण करने से सभी प्रकार की अभीष्ट सिद्धियां प्राप्ति में सहायता मिलती हैं।

छः मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं सौं ऐं॥

सात मुखी रुद्राक्ष:

- सात मुखी रुद्राक्ष सप्त मातृकाओं का साक्षात स्वरुप माना जाता हैं। इसे शास्त्रों में अनंग स्वरुप भी कहा गया हैं।
- सात मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से सभी प्रकार के रोग शांत हो जाते हैं।
- सात मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से दीर्धायु की प्राप्ति होती हैं।
- सात मुखी रुद्राक्ष धारण करने से अभीष्ट सिद्धियां प्राप्त होती हैं।
- महापुरुषो का का कथन हैं की सात मुखी रुद्राक्ष धारण करने से सोने की चोरी, गौवध जैसे अनेक पापों को नाश होता हैं।
- मान्यता हैं की सात मुखी रुद्राक्ष धारण कर्ता की अस्त्र-शस्त्रों के प्रहार से रक्षा करता हैं।
- विद्वानो के मतानुशार सात मुखी रुद्राक्ष अकाल मृत्यु के भय को टालता हैं।
- सात मुखी रुद्राक्ष धारण करने से शीघ्र उत्तम भूमि की प्राप्ति होती हैं।
- सात मुखी रुद्राक्ष धारण करने से विष प्रभाव से रक्षा होती हैं।
- सात मुखी रुद्राक्ष को सन्निपात, मिर्गी रोग, शीत-ज्वर इत्यादि रोगों को शांत करने में लाभदायक होता हैं।

- सात मुखी रुद्राक्ष धारण करने से दरिद्रता दूर होती हैं।
- सात मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से व्यक्ति को यश-मानसम्मान की वृद्धि होती हैं।

सात मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ ह्वं क्रीं ह्रीं सौं॥

आठ मुखी रुद्राक्ष:

- आठ मुखी रुद्राक्ष गणेशजी का साक्षात स्वरुप माना जाता हैं। आठ मुखी रुद्राक्ष को भैरव का स्वरुप भी माना जाता हैं।
- आठ मुखी रुद्राक्ष अष्ट सिद्धियों को प्रदान करने वाला हैं।
- आठ मुखी रुद्राक्ष धारण करने से विभिन्न प्रकार के विघ्नों को दूर करने वाला हैं।
- जिन लोगों का चित्त अधिकतर चंचल रहता हैं उनके आठ मुखी रुद्राक्ष धारण करने से एकाग्रता बढाने में लाभप्राप्त होता हैं।
- महापुरुषो का का कथन हैं की आठ मुखी रुद्राक्ष धारण करने से असत्य भाषण, मानकूटादिक व परस्त्रीजन्य पापों का नाश होता हैं।
- विद्वानो का मत हैं की आठ मुखी रुद्राक्ष धारण करके गणेशजी की पूजा-अर्चना एवं साधना करने से वह शीघ्र फलप्रद होती हैं।
- आठ मुखी रुद्राक्ष धारण करने से सर्व देवगण प्रसन्न होते हैं।
- आठ मुखी रुद्राक्ष धारण करने से पूर्णाअयुष्य की प्राप्ति होती हैं।

आठ मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ ह्रां ग्रीं लं आं श्रीं॥

नव मुखी रुद्राक्ष:

- नव मुखी रुद्राक्ष नवदुर्गा का साक्षात स्वरुप माना जाता हैं। नव मुखी रुद्राक्ष को भैरव का प्रतिक भी माना जाता हैं। नव मुखी रुद्राक्ष को नवग्रह, नव-नाथों एवं नवधा भक्ति का प्रतीक भी समझा जाता हैं।
- नवमुखी रुद्राक्ष नव निधियों के प्रदान करने वाला हैं।
- नव मुखी रुद्राक्ष को हजारों-लाखो-करोड़ो पापों को नष्ट करने वाला कहा गया हैं।
- नव मुखी रुद्राक्ष मृत्यु भय दूर होता हैं।
- नव मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से सभी प्रकार की साधना में शीघ्र सफलता प्राप्त होती हैं।
- नव मुखी रुद्राक्ष धारण करने से मनुष्य के मान-सम्मान, प्रतिष्ठा में वृद्धि होती हैं।
- नव मुखी रुद्राक्ष को कार्य सिद्ध के लिए उत्तम माना जाता हैं।
- नव मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से शत्रुपक्ष पराजित होता हैं।
- नव मुखी रुद्राक्ष कोर्ट-कचेरी के कार्यो में सफलता प्राप्त करने के लिए उत्तम माना जाता हैं।
- नव मुखी रुद्राक्ष धारण करने से हृदय रोग नियंत्रण करने में विशेष लाभप्रद होता हैं।

नव मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ ह्रीं वं यं रं लं॥

दश मुखी रुद्राक्ष:

- दश मुखी रुद्राक्ष भगवान विष्णु का साक्षात स्वरुप माना जाता हैं। दश मुखी रुद्राक्ष को यम एवं दस दिक्पाल का स्वरुप भी माना गया हैं।
- एसा मानाजाता हैं कि दस मुखी रुद्राक्ष में भगवान विष्णु के दशों अवतारों की शक्ति समाहित होती हैं।
- तांत्रिक साधनाओं में दस मुखी रुद्राक्ष का विशेष महत्व माना जाता हैं।
- दस मुखी रुद्राक्ष धारण करने से भूत-प्रेत, मारण-मोहन इत्यादि तांत्रिक बाधाओं के दुष्प्रभाव प्रभाव नहीं होता।
- दस मुखी रुद्राक्ष धारण करने से आकस्मिक दुर्घटनाओं से रक्षा होती हैं।
- दस मुखी रुद्राक्ष धारण करने से शीघ्र ही मनुष्य का यश दशों दिशाओं में फेल जाता हैं।
- दस मुखी रुद्राक्ष धारण करने से मनुष्य की सकल मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

- रोगों को शांत करने में दस मुखी रुद्राक्ष से विशेष लाभदायक होता हैं।
- दस मुखी रुद्राक्ष धारण करने से ग्रहों के अशुभ प्रभाव शांत होते हैं।
- दस मुखी रुद्राक्ष सभी प्रकार की बाधाओं का नाश कर, मनुष्य को सुख-शांति व समृद्धि प्रदान करता हैं

दश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं व्रीं ॐ॥

एकादश मुखी रुद्राक्ष:

- एकादश मुखी रुद्राक्ष को एकादश रुद्र का साक्षात स्वरुप माना जाता हैं। इन्द्र को भी एकादश मुखी रुद्राक्ष के देवता माना गया हैं।
- एकादश मुखी रुद्राक्ष धारण करने से सुख-समृद्धि व सौभाग्य की वृद्दि होती हैं।
- एकादश मुखी रुद्राक्ष को संतान सुख के लिए लाभकारी माना गया हैं।
- एकादश मुखी रुद्राक्ष सौभाग्यवती स्त्रीयों को अपने पति कल्याण के लिए धारण करना विशेष शुभ फलदायी माना गया हैं।
- एकादश मुखी रुद्राक्ष धारण करने से सर्वत्र विजय की प्राप्ति होती हैं।
- एकादश मुखी रुद्राक्ष में समाज को मोहित करने की विशेष शक्ति होती हैं।
- उत्तम संतान की प्राप्ति के लिए भी एकादश मुखी रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।
- एकादश मुखी रुद्राक्ष धारण करने से संक्रामक रोगों से सुरक्षा होती हैं। व यदि कोई व्यक्ति संक्रामक रोग से पीडित हैं तो शीघ्र स्वस्थ्य लाभ हेतु एकादश मुखी रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।
- शास्त्रों में उल्लेख हैं की एकादश मुखी रुद्राक्ष को मस्तक में या शिखा पर धारण करने पर अश्वमेघ यज्ञ करने के समान फल, वाजपेय यज्ञ करने के समान फल एवं चंद्र ग्रहण में किए गए दान पुण्य के समान फल प्राप्त होते हैं।

एकादश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ रुं मूं यूं औं॥

द्वादश मुखी रुद्राक्ष:

- द्वादश मुखी रुद्राक्ष को भगवान विष्णु का साक्षात स्वरुप माना जाता हैं।
- द्वादश मुखी रुद्राक्ष में सूर्य आदि देवता वास करते हैं। इस लिए इसे आदित्यरुद्राक्ष भी कहते हैं।
- विष्णु भक्तों यदि द्वादश मुखी रुद्राक्ष धारण करते हैं तो भगवान शीघ्र प्रसन्न होते हैं।
- ब्रह्मचार्य व्रत के पालन के लिए द्वादश मुखी रुद्राक्ष को धारण करना विशेष उपयोगी सिद्ध होता हैं।
- द्वादश मुखी रुद्राक्ष धारण करने से मनुष्य के ओज-तेज की वृद्धि होती हैं।
- द्वादश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से विभिन्न प्रकारकी व्याधियों से स्वतःमुक्ति मिलने लगती हैं।
- द्वादश मुखी रुद्राक्ष धारण करने से जहरीले जीव-जंतु, चोर-लुटेरों, अग्नि भय, आदि शुद्र शक्तियों से सुरक्षा होती हैं।
- द्वादश मुखी रुद्राक्ष धारण करने से मनुष्य के समस्त पापों का नाश हो जाता हैं।
- विद्वानो का मत हैं की द्वादश मुखी रुद्राक्ष धारण करने से दरिद्र से दरिद्र मनुष्य का भी समृद्धि को प्राप्त कर लेता हैं।
- ३२ मणकों की माला कंठ में धारण करने से मनुष्य के गो-वध, मनुष्य वध एवं चोरी इत्यादि पापों का नाश होता हैं।
- विद्वानो का कथन हैं की द्वादश मुखी रुद्राक्ष को शिखा पर धारण करने से मनुष्य के मस्तक प्र आदित्य विराजमान हो जाते हैं।

द्वादश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ ह्रीं श्रौं धृणिः श्रीं॥

त्रयोदश मुखी रुद्राक्ष:

- त्रयोदश मुखी रुद्राक्ष को कामदेव का साक्षात स्वरुप माना जाता हैं।
- त्रयोदश मुखी रुद्राक्ष को इन्द्र का स्वरुप भी माना गया हैं।
- त्रयोदश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से मनुष्य की संपूर्ण मनोकामनाएं सिद्ध होती हैं।
- त्रयोदश मुखी रुद्राक्ष धारण करने से अतुल्य धन-संपत्तिअ प्राप्त होती हैं।
- त्रयोदश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से व्यक्ति संपूर्ण धातुओं की रसायनादिक सिद्धियों का ज्ञाता बन जाता हैं।
- त्रयोदश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से व्यक्ति को मान-सम्मान, यश, पद-प्रतिष्ठा, आकर्षक व्यक्तित्व की प्राप्ति होती हैं।
- त्रयोदश मुखी रुद्राक्ष का विशेषज्ञ की सलाह से दूध के साथ प्रयोग लाभकरी सिद्ध होता हैं।
- त्रयोदश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से समस्त प्रकार की शक्ति व सिद्धियों की प्राप्ति में विशेष सहायता प्राप्त होती हैं।

त्रयोदश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ ईं यां आप ओम्॥

चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष:

- चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष को शिव का साक्षात स्वरुप माना जाता हैं। विद्वानो ने चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष को हनुमान का स्वरुप भी माना हैं। इस लिए चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष को हनुमान रुद्राक्ष के नाम से भी जाना जाता हैं।
- चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से सकल अभीष्ट सिद्धियों की प्राप्ति होती हैं।
- चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष की उत्पत्ति के बारे में उल्लेख हैं की भगवान शिव के डमरु से चौदह प्रत्याहार निकले थे तथा कुछ प्रमुख शास्त्रों में भी एक से चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष का उल्लेख मिलता हैं।
- चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष धारण करने से सभी प्रकार के कष्टों का निवारण हो जाता हैं।
- चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से मनुष्य विभिन्न रोगों से मुक्ति मिलती हैं और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता हैं।
- चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष धारण करने से व्यक्ति को सभी क्षेत्रों में उन्नति प्राप्त होती हैं।
- चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से परम पद की प्राप्ति होती हैं।
- चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से शनि ग्रह से संबंधित अशुभ प्रभाव की शांति होती हैं।
- चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष धारण करने से शत्रु व दुष्टों का नाश होता हैं।
- चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष धारण को मस्तक पर धारण करने से समस्त पापों का नाश होता हैं।

चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ औं स्फे खत्फैं हस्त्रौ हसत्फ्रें:॥

जो मनुष्य पृथ्वी पर रुद्राक्ष को मंत्र सहित धारण करते हैं वे रुद्रलोक में जाकर वास करते हैं तथा जो मंत्र रहित रुद्राक्ष धारण करते हैं वे घोर नरक के भागी होते हैं। उपरोक्त रुद्राक्षों को धारण करने वाले मनुष्य को भूत, प्रत, पिशाच, डाकिनी, शाकिनी आदि का भय नहीं रहता। रुद्राक्ष धारण करता मनुष्य पर देवी-देवता शीघ्र प्रसन्न होते हैं। व मनुष्य की समस्त कामनाएं पूर्ण होती हैं।

रुद्राक्ष धारण करें सावधानियों के साथ

संकलन गुरुत्व कार्यालय

यदि रुद्राक्ष को कीड़ो ने दूषित किया हो, जो टूटा-फूटा हो, जिसमें उभरे हुए दाने न हो, जो वरणयुक्त हो, इस प्रकार के रुद्राक्षों को धारण नहीं करना चाहिए।

- यदि रुद्राक्ष छिद्र करते हुए फट गये हो और जो शुद्ध रुद्राक्ष जैसे न हों उसे धारण करने से बचे। धारण करने से पहले रुद्राक्ष की परीक्षण कर लें कि रुद्राक्ष असली है या नकली।
- नकली रुद्राक्ष पानी में तैरने लगेगा और असली रुद्राक्ष पानी में डूब जाएगा। लेकिन आज के आधुनिक युग में नूतन तकनीक से पॉली फाइबर या अन्य विशेष द्रव्यों से बने रुद्राक्ष भी आगये हैं। जो दिखने में हुबहू रुद्राक्ष के बराबर दिखते हैं एवं पानी में डूब भी जाते हैं।
- रुद्राक्ष धारण करने पर मद्य, मांस, लहसुन, प्याज इत्यादि तामसिक पदार्थों का परित्याग करना चाहिए।
- भोजन-शौच इत्यादि क्रिया में इसकी पवित्रता का ख्याल रखे अन्यथा पवित्रता खंडित हो जाएगी।
- रुद्राक्ष पहन कर श्मशान या किसी अंत्येष्टि-कर्म में अथवा प्रसूति-गृह में न जाएं।
- स्त्रियां मासिक धर्म के समय रुद्राक्ष धारण न करें।
- रुद्राक्ष धारण कर रात्रि शयन न करें।
- जप आदि कार्यो में छोटे रुद्राक्ष की माला ही विशेष फलदायक होती हैं।
- बड़ा रुद्राक्ष रोगों पर विशेष फलदायी माना जाता है ।
- रुद्राक्ष शिवलिंग से अथवा शिव प्रतिमा से स्पर्श कराकर धारण करना चाहिए।
- निर्दिष्ट मंत्र से अभिमंत्रित किए बिना रुद्राक्ष धारण करने पर उसका शास्त्रोक्त फल प्राप्त नहीं होता है और दोष भी लगता है।
- रूद्राक्ष को शुभ दिनों में शुभ मूहूर्त में धारण करने पर व्यक्ति के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं।
- विद्या प्रारंभ करते समय, समस्त प्रकार के यज्ञ, तप एवं दान आदि शुभ कार्य करते समय रुद्राक्ष यदि पास में हो तो उस कार्य का फल शीघ्र मिलता हैं।
- विद्वानो का अनुभव हैं की रुद्राक्ष की माला धारण करने वाले मनुष्य को देखकर सभी देवी-देवाता शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं।
- शिव के नेत्रों से गिरे आसुओं से उत्पन्न कल्याणकारी रुद्राक्ष में सूर्य का तेज, चंद्रमा की शीतलता एवं मानवता का कल्याण कूट कूट कर भरा हैं।
- पुराणोमें रुद्राक्ष के रंग, रुप, आकार के अनुशार एक से चौदह मुखी तक के रुद्राक्ष का महत्व बताया गया है।
- भोग और मोक्ष, दोनों की कामना रखने वाले लोगों को रुद्राक्ष की माला अथवा मनका जरूर पहिनना चाहिए।
- 108 रुद्राक्ष की माला धारण करने वाला मनुष्य अपनी 21 पीढ़ियों का उद्धार करता है।
- जाबाल श्रुति के अनुसार रुद्राक्ष धारण करने से किया गया पाप नगण्य हो जाता है।
- पानी के बर्तन में रात भर रुद्राक्ष रखने के बाद सुबह उस पानी को पीने से कई बीमारियां ठीक हो जाती हैं।
- किसी दूसरे व्यक्ति का धारण किया रुद्राक्ष धारण नहीं करना चाहिए।

- ❖ रुद्राक्ष सोने, चाँदी, ताँबे में बनवाकर धारण करना चाहिए।
- ❖ रुद्राक्ष को धागे में भी धारण किया जा सकता है।
- ❖ विद्वानो का मत हैं की रुद्राक्ष धारण करने के 40 दिनों के भीतर ही व्यक्तित्व में परिवर्तन दिखाई देने लगते हैं।
- ❖ जानकारों का मत हैं कि रुद्राक्ष धारण करनेवाले व्यक्ति को बुढ़ापा देर से आता हैं।
- ❖ रुद्राक्ष का मनोवांछित लाभ प्राप्त करने हेतु उसे समय-समय पर साफ-सफाई करते रहे।
- ❖ यदि रुद्राक्ष शुष्क हो जाए तो उसे तेल में कुछ समय तक डुबाकर रखदें।
- ❖ यदि रुद्राक्ष को किसी धातु में नहीं बनवाते हैं तो उसे ऊनी या रेशमी धागे में भी धारण कर सकते हैं।
- ❖ विद्वानो के मतानुशार ज्यादातर रुद्राक्ष लाल धागे में धारण किए जाते हैं, लेकिन एक मुखी रुद्राक्ष सफेद धागे में, सात मुखी रुद्राक्ष को काले धागे में और ग्यारह, बारह, तेरह मुखी रुद्राक्ष तथा गौरी-शंकर रुद्राक्ष पीले धागे में धारण करना चाहिए।

रुद्राक्ष धारण करने के संक्षिप्त विधि

- रुद्राक्ष धारण करने हेतु उपयुक्त यही रहेगा की आप किसी जानकार व्यक्ति से इसे अभिमंत्रित या चैतन्य युक्त करवाले फिर उसे विधिवत धारण करें।
- रुद्राक्ष को प्राण प्रतिष्ठित करने की संक्षिप्त विधि आपके मार्गदर्शन के लिए प्रस्तुत हैं। रुद्राक्ष को पंचोपचार, अष्टोपचार अथवा षोडोशोपचार विधि से प्राण प्रतिष्ठित किया जा सकता हैं।
- रुद्राक्ष धारण करने के लिए शुभ मुहूर्त या दिन का चयन करले। रुद्राक्ष धारण करने हेतु सोमवार उत्तम है। धारण करने से एक दिन पूर्व संबंधित रुद्राक्ष को किसी संगंधित तेल में डूबादे।
- दूसरे दिन प्रातः काल स्नानादि नित्य क्रिया से निवृत्त होकर कर उसे स्वच्छ करके कुछ समय के लिए गाय के कच्चे दूध में या गंगाजल में डूबाकर रख कर पवित्र कर लें।
- तत्पश्चात शिवपंचाक्षरी मंत्र **ॐ नमः शिवाय** मंत्र का जप करते हुए रुद्राक्ष को पूजास्थल पर अपने सम्मुख रखदे। फिर उसे पंचामृत (गाय का कच्चा दूध, दही, घी, मधु एवं शक्कर या गुड़) से अभिषेक कर गंगाजल से पवित्र करके अष्टगंध या चंदन एवं केसर का लेप लगाकर धूप, दीप और पुष्प अर्पित कर शिव मंत्रों का जप करते हुए उसका संस्कार करें।
- तत्पश्चात संबद्धित रुद्राक्ष के शास्त्रोक्त बीज मंत्र का 21, 11, 5 माला अथवा कम से कम 1 बार जप करें। तत्पश्चात
- शिव पंचाक्षरी मंत्र ॐ नमः शिवाय अथवा शिव गायत्री मंत्र
- ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्॥ मंत्र की 1 माला जप करके रुद्राक्ष-धारण करें।
- अंत में पूजन में हुइ त्रुटियों के निवारण हेतु क्षमा प्रार्थना करें। यदि संभव हो, तो रुद्राक्ष धारण के दिन उपवास करें अथवा सात्विक एवं अल्पाहार ग्रहण करें।
- यदि कोई भक्त इतना भी करने में असमर्थ हो तो रुद्राक्ष को गंगाजल में या गाय के कच्चे दूध में कुछ घंटे के लिए डूबाकर रखले फिर श्रद्धापूर्व भगवान शिव का स्मरण करते हुए धारण करले। उसे निश्चित लाभ प्राप्त होगा इसमें जराभी संदेह नहीं हैं।

रुद्राक्ष के विषय में विशेष जानकारी

संकलन गुरुत्व कार्यालय

शिव पुराण के अनुशार:

जो व्यक्ति कंठ में बत्तीस रुद्राक्ष, मस्तक पर चालीस, कानों में छः-छः, हथों में बारह-बारह, भुजाओं में सोलह-सोलह, शिखा में तथा वक्ष पर एक सौ आठ रुद्राक्षों को धारण करता हैं वह साक्षात भगवान नीलकण्ठ के समान हो जाता हैं।

मनुष्य के जीवन में सुख-शांति एवं समृद्धि में वृद्धि होती हैं। भगवान शिव के दिव्य-ज्ञान को प्राप्त करने का सर्वोत्तम उपाय रुद्राक्ष धारण करना हैं। रुद्राक्ष धारण ने से समाज में मनुष्य के मान-सम्मान में वृद्धि होती हैं। शिवभक्तों का मत हैं की यदि भगवान शिव और देवी पार्वती को प्रसन्न करना हो तो रुद्राक्ष अवश्य धारण करना चाहिए।

विद्वानो ने रुद्राक्ष को आकार के हिसाब से तीन भागों में बांटा हैं।

1- उत्तम श्रेणी का रुद्राक्ष: जो रुद्राक्ष आकार में आंवले के फल के बराबर हो वह सबसे उत्तम माना गया है।

2- मध्यम श्रेणी- जिस रुद्राक्ष का आकार बेर के फल के समान हो वह मध्यम श्रेणी में आता है।

3- निम्न श्रेणी- चने के बराबर आकार वाले रुद्राक्ष को निम्न श्रेणी में गिना जाता है।

जिस रुद्राक्ष को कीड़ों ने खराब कर दिया हो या टूटा-फूटा हो, या पूरा गोल न हो। जिसमें उभरे हुए दाने न हों। ऐसा रुद्राक्ष नहीं पहनना चाहिए। वहीं जिस रुद्राक्ष में अपने आप डोरा पिरोने के लिए छेद हो गया हो, वह उत्तम होता है।

भगवान शंकर को रुद्राक्ष अतिप्रिय है। भगवान शंकर के उपासक इन्हें माला के रूप में पहनते हैं।

- जो रुद्राक्ष आंवले से फल के बराबर हो वह सर्व प्रकारके अनिष्टों का नाश करने वाला व श्रेष्ठ माना गया हैं।
- जो रुद्राक्ष बेर के फल के बराबर हो वह, उत्तम फल देने वाला, सुख सौभाग्यकी वृद्धि करने वाला होता हैं।
- गुंजाफल के समान बहुत छोटे आकार का रुद्राक्ष संपूर्ण मोनोरथ को सिद्ध करने वाला होता हैं।
- रुद्राक्ष जितना छोटा होता हैं वहं उतना ही अधिक फल देने वाला होता हैं।
- एक बड़े रुद्राक्ष से छोटा, अर्थात एक छोटे रुद्राक्ष से छोटा रुद्राक्ष दस गुना अधिक फल देने वाला माना जाता हैं।

पौराणिक मान्यता हैं कि असली रुद्राक्ष पानी में डूब जाता हैं! यदि रुद्राक्ष नकली हो या किड़े ने खाया हो तो वह पानी में तैरता हैं! लेकिन आज के आधुनिक युग में नूतन तकनीक से पॉली फाइबर या अन्य विशेष द्रव्यों से बने रुद्राक्ष भी आगये हैं। जो दिखने में हुबहू रुद्राक्ष के बराबर दिखते हैं एवं पानी में डूब भी जाते हैं। इस कारण चालबाज़ व्यापारी या घुमक्कड़ ढोंगी साधु-बाबा-फकिर आदि धर्म के नाम पर भोले-भाले अनजान व्यक्ति को नकली रुद्राक्ष बेचकर मोटी रकम एठलेते हैं। अतः रुद्राक्ष खरीदने में अत्याधिक सावधानी बर्ते।

प्रायः देखने-सुनने में आता हैं की पर्यटक स्थानों या धार्मिक स्थानों के निकट पर कुछ निम्न वर्ग के बेइमान व्यापारी या दुकानदार ग्राहक को नकली रुद्राक्ष बेचते है या रुद्राक्ष के वास्तविक मूल्य से कई गुना अधिक मूल्य बसूल लेते हैं। अतः यदि किसी पर्यटक स्थानों या धार्मिक स्थानों से रुद्राक्ष खरीदे तों किसी विश्वसनीय व्यक्ति, दुकानदार या संस्था से ही रुद्राक्ष खरीदे। अन्यथा अपने निकटवर्ती भरोसेमंद संस्था या दुकानदार से रुद्राक्ष खरीदे।

महामृत्युंजय

संकलन गुरुत्व कार्यालय

अकाल मृत्यु एवं असाध्य रोगों से मुक्ति के लिये शीघ्र प्रभावि उपाय

अकाल मृत्यु एवं असाध्य रोगों से मुक्ति के लिये शीघ्र प्रभावि उपाय महामृत्युंजय
मानव शरीर में जो भी रोग उत्पन्न होते हैं उसके बारे में शास्त्रो में जो उल्लेख हैं वह इस प्रकार हैं
"शरीरं व्याधिमंदिरम्" अर्थात् ब्रह्मांड के पंच तत्वों से उत्पन्न शरीर में समय के अंतराल पर नाना प्रकार की आधि-व्यघि पीड़ाए उत्पन्न होती रहती हैं।
ज्योतिष शास्त्र एवं आयुर्वेद के अनुसार मनुष्य द्वारा पूर्वकाल में किये गयें कर्मो का फल ही व्यक्ति के शरीर में विभिन्न रोगों के रूप में प्रगट होतें हैं।

हरित सहिंता के अनुशार:

जन्मान्तर कृतम् पापम् व्याधिरुपेण बाधते।
तच्छान्तिरौषधैर्दानजर्पहोमसुरार्चनैः॥

अर्थातः पूर्व जन्म में किये गये पाप कर्म ही व्याधि के रूप में हमारे शरीर में उत्पन्न हो कर कष्टकारी हो जाता हैं। तथा औषध, दान, जप, होम व देवपूजा से रोग की शांति होती हैं।

शास्त्रोक्त विधान के अनुशार देवी भगवती ने भगवान शिव से कहा कि, हे देव! आप मुझे मृत्यु से रक्षा करने वाला और सभी प्रकार के अशुभों का नाश करने वाल कवच बतलाईये? तब शिवजी ने महामृत्युंजय कवच के बारे में बतलाया। विद्वानो ने महामृत्युंजय कवच को मृत्यु पर विजय प्राप्त करने का अचूक व अद्भूत उपाय माना हैं। आज के इर्षा भरे युग में हर मनुष्य को सभी प्रकार के अशुभ से अपनी रक्षा हेतु महामृत्युंजय कवच को अवश्य धारण करना चाहिये।

अमोद्य् महामृत्युंजय कवच व उल्लेखित अन्य सामग्रीयों को शास्त्रोक्त विधि-विधान से विद्वान ब्राह्मणो द्वारा

सवा लाख महामृत्युंजय मंत्र जप एवं दशांश हवन द्वारा निर्मित कवच अत्यंत प्रभावशाली होता हैं।

अमोघ महामृत्युंजय कवच धारण कर अन्य सामग्री को अपने पूजा स्थान में स्थापित करने से अकाल मृत्यु तो टलती ही हैं, मनुष्य के सर्व रोग, शोक, भय इत्यादि का नाश होकर स्वस्थ आरोग्यता की प्राप्ति होती हैं।

यदि जीवन में किसी भी प्रकार के अरिष्ट की आशंका हो, मारक ग्रहो की दशा का अशुभ प्रभाव प्राप्त होकर मृत्यु तुल्य कष्ट प्राप्त हो रहे हो, तो उसके निवारण एवं शान्ति के लिये शास्त्रों में सम्पूर्ण विधि-विधान से महामृत्युंजय मंत्र के जप करने का उल्लेख किया गया हैं। मृत्युजय देवाधिदेव महादेव प्रसन्न होकर अपने भक्त के समस्त रोगो का हरण कर व्यक्ति को रोगमुक्त कर उसे दीर्घायु प्रदान करते हैं।

मृत्यु पर विजय प्राप्त करने के कारण ही इस मंत्र को मृत्युंजय कहा जाता है। महामृत्यंजय मंत्र की महिमा का वर्णन **शिव पुराण, काशीखंड** और **महापुराण** में किया गया हैं। आयुर्वेद के ग्रंथों में भी मृत्युंजय मंत्र का उल्लेख है। मृत्यु को जीत लेने के कारण ही इस मंत्र को मृत्युंजय कहा जाता है।

महामृत्युंजय मंत्र का महत्व:

मृत्युर्विनिर्जितो यस्मात् तस्मान्मृत्युंजयः स्मृतः या मृत्युंजयति इति मृत्युंजय,

अर्थात: जो मृत्यु को जीत ले, उसे ही मृत्युंजय कहा जाता है।

मंत्र जप के लिए विशेष:

यः शास्त्रविधि मृत्सृज्य वर्तते काम कारतः। न स सिद्धिमवाप्नोति न सुखं न परांगतिम्॥ (श्रीमद् भगवद् गीता:षोडशोऽध्याय)

भावार्थ : जो पुरुष शास्त्र विधि को त्यागकर अपनी इच्छा से मनमाना आचरण करता है, वह न सिद्धि को प्राप्त होता है, न परमगति को और न सुख को ही॥23॥

ज्योतिषशास्त्र के अनुशार दुख, विपत्ति या मृत्य के प्रदाता एवं निवारण के देवता शनिदेव हैं, क्योकि शनि व्यक्ति के कर्मो के अनुरुप व्यक्ति को फल प्रदान करते हैं। शास्त्रो के अनुशार मार्कण्डेय ऋषि का जीवन अत्यंत अल्प था, परंतु महामृत्युंजय मंत्र के जप से शिव कृपा प्राप्त कर उन्हें चिरंजीवी होने का वरदान प्राप्त हुवा। भगवान शिवजी शनिदेव के गुरु भी हैं इस लिए महामृत्युंजय मंत्र के जप से शनि से संबंधित पीड़ाए दूर हो जाती हैं।

जो मनुष्य पूर्ण विधि-विधान से महामृत्युंजय मंत्र का जप व अनुष्ठान संपन्न करने में असमर्थ हो! वह व्यक्ति संपूर्ण प्राण प्रतिष्ठित **अमोघ महामृत्युंजय कवच** व सामग्री गुरुत्व कार्यालय द्वारा बनवा सकते हैं।

नोट: व्यक्ति अपने कुल ब्राह्मण/पुरोहित द्वारा भी पूर्ण विधि-विधान से मंत्र जप व अनुष्ठान संपन्न करवा सकते हैं। यदि आप अनुष्ठान से संबंधित यंत्र व अन्य सामग्री प्राप्त करना चाहते हैं तो गुरुत्व कार्यालय में संपर्क करें।

सर्व रोग नाशक महामृत्युन्जय मंत्र अचूक प्रभावी

संकलन गुरुत्व कार्यालय

महामृत्युंजय मंत्र के विधि विधान के साथ में जाप करने से अकाल मृत्यु तो टलती ही हैं, रोग, शोक, भय इत्यादि का नाश होकर व्यक्ति को स्वस्थ आरोग्यता की प्राप्ति होती हैं।

यदि स्नान करते समय शरीर पर पानी डालते समय महामृत्युन्जय मंत्र का जप करने से त्वचा सम्बन्धित समस्याए दूर होकर स्वास्थ्य लाभ होता हैं।

यदि किसी भी प्रकार के अरिष्ट की आशंका हो, तो उसके निवारण एवं शान्ति के लिये शास्त्रों में सम्पूर्ण विधि-विधान से महामृत्युंजय मंत्र के जप करने का उल्लेख किया गया हैं। जिस्से व्यक्ति मृत्यु पर विजय प्राप्ति का वरदान देने वाले देवो के देव महादेव प्रसन्न होकर अपने भक्त के समस्त रोगो का हरण कर व्यक्ति को रोगमुक्त कर उसे दीर्घायु प्रदान करते हैं।

मृत्यु पर विजय प्राप्त करने के कारण ही इस मंत्र को मृत्युंजय कहा जाता है। महामृत्यंजय मंत्र की महिमा का वर्णन **शिव पुराण, काशीखंड** और **महापुराण** में किया गया हैं। आयुर्वेद के ग्रंथों में भी मृत्युंजय मंत्र का उल्लेख है। मृत्यु को जीत लेने के कारण ही इस मंत्र को मृत्युंजय कहा जाता है।

महामृत्युंजय मंत्र का महत्व:

मृत्युर्विनिर्जितो यस्मात् तस्मान्मृत्युंजय:
स्मृत: या मृत्युंजयति इति मृत्युंजय,

अर्थात: जो मृत्यु को जीत ले, उसे ही मृत्युंजय कहा जाता है।

मानव शरीर में जो भी रोग उत्पन्न होते हैं उसके बारे में शास्त्रो में जो उल्लेख हैं वह इस प्रकार हैं"शरीरं व्याधिमंदिरम्" ब्रह्मांड के पंच तत्वों से उत्पन्न शरीर में समय के अंतराल पर नाना प्रकार की आधि-व्यघि उपाधियां उत्पन्न होती रहती हैं। इस लिए हमें अपने शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए आहार-विहार, खान-पान और नियमित दिनचर्या निश्चित समय पर करना पडता हैं।

यदि इन सब को निश्चित समय अवधि पर करते रहने के बाद भी यदि कोई रोग या व्याधि हो जाए एवं वह रोग इलाज कराने के बाद भी यदि ठीक नहीं हो एवं सभी जगा से निराशा हाथ लगरही हो तो एसे अरिष्ट की निवृत्ति या शांति के लिए महामृत्युज्य मंत्र जप का प्रयोग अवश्य करें।

शास्त्रों में मृत्यु भयको विपत्ति या संकट माना गया हैं, एवं शास्रो के अनुशार विपत्ति या मृत्य के निवारण के देवता शिव हैं।

ज्योतिषशास्त्र के अनुशार दुख, विपत्ति या मृत्य के प्रदाता एवं निवारण के देवता शनिदेव हैं, क्योकि शनि व्यक्ति के कर्मो के अनुरुप व्यक्ति को फल प्रदान करते हैं। शास्त्रो के अनुशार मार्कण्डेय ऋषि का जीवन अत्यल्प था, परंतु महामृत्युंजय मंत्र जप से शिव कृपा प्राप्त कर उन्हें चिरंजीवी होने का वरदान प्राप्त हुवा।

महामृत्युंजय का वेदोक्त मंत्र निम्नलिखित है-

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात्॥

मंत्र उच्चारण विचार :

महामृत्युंजय मंत्र में आए प्रत्येक शब्द का उच्चारण स्पष्ट करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि स्पष्ट शब्द उच्चारण मे ही मंत्र है। इस मंत्र में उल्लेखित प्रत्येक शब्द अपने आप में एक संपूर्ण बीज मंत्र का अर्थ लिए हुए है।

महामृत्युंजय मंत्र के अन्य प्रयोग

प्रयोग: 1

हर दिन स्नानादि से निवृत्त होकर अपने हाथो को स्वच्छ पानी से धोले। अपने पूजा स्थान पर एक तांबे

के पात्र में या अन्य किसी स्वच्छ पात्र में 1-2 ग्लास जल भरलें। उस जल भरे पात्र में अपने दाहिने हाथ की चारों उंगली व अंगूठे को डूबादें और महामृत्युंजय मंत्र का जप करते हुएं 108 बार या 5 मिनट या 10 मिनट तक **महामृत्युंजय मंत्र** का जप करते हुएं उस जल को पीले या 1-2 घंटो में थोडा-थोडा जल पीते रहें।

एसा करने से आपके शारीर की उर्जा जाग्रत होकर उस जल भरें पात्र में सकारात्मक उर्जा केन्द्रित होती हैं। सकारात्मक उर्जा भरें इस जल को पीने से शरीर के समस्त रोग, आधि-व्याधियां स्वतः नाश हो जाती हैं।

प्रयोग: 2

जलभरा पात्र लेकर जल पर द्रष्टी डालते हुए महामृत्युंजय मंत्र जप करना भी लाभप्रद होता हैं।

प्रयोग: 3

यदि यह करने में भी आप असमर्थ हैं। संपूर्ण प्राणप्रतिष्ठित व पूर्ण चैतन्य युक्त ताम्बे में निर्मित महामृत्युंजय यंत्र को प्राप्त करलें।

अपने पूजन घरमें महामृत्युंजय यंत्र को स्थापित कर के प्रतिदिन सुबह स्नानादि से निवृत्त होकर एक स्वच्छ पात्र में यंत्र को रखदें उस यंत्र पर शुद्ध जल से महामृत्युंजय मंत्र का उच्चारण करते हुए महामृत्युंजय यंत्र के उपर जलधार डाले। फिर उस जल को ग्रहण करें। महामृत्युंजय यंत्र के उपर चमच्च से एक-एक मंत्र उच्चारण करते हुए भी महामृत्युंजय यंत्र पर जल चढा कर और उस जल को ले सकते हैं।

अन्यथा आपके घर में पानी रखने का जो मटका, फिलटर इत्यादि जो साधन हो उस के अंदर महामृत्युंजय यंत्र को डूबाकर भी रख सकते हैं। इस प्रयोग से घर के सभी सदस्यो का स्वास्थ्य उत्तम रहता हैं।

नोट:

हाथ व पात्र को शुद्ध पानी से अच्छि तरह साफ करलें व पात्र में शुद्ध जल ही भरे। अन्यथा हाथ में लगी धूल-मिट्टी व किटाणु पानी के साथ मिलकर आपके भितर जायेंगे जो स्वास्थ्य के लिये हानिकारक हो सकता हैं।

मंत्र का जप जब पानी में हाथ डूबा हो तब 5-10 मिनट से अधिक न करें अन्यथा हाथ में पसीना होने लगेगा और पात्र के जल में उसका मिश्रण अधिक मात्रा में होने पर स्वास्थ्य के लिये नुक्शानदेह हो सकता हैं।

उक्त सभी प्रयोग हमारे वर्षो के अनुभव व शोध के आधार पर हमने पाया हैं कि यह प्रयोग तत्काल प्रभावि हैं। आप भी अपने जीवन में इस प्रयोग को अपनाकर देखलें। जिससे इस प्रयोग का शुभ परिणाम/लाभ पूर्ण पार्दर्शीता से आपके सामने होगा इस में जरा भी संदेह नहीं हैं। यहं प्रयोग हमने स्वयं व हमारे साथ लम्बे समय से जुडे हजारो बंधु/बहन प्रतिदिन करते आरहे हैं। यहं प्रयोग व्यक्ति को सभी प्रकार के रोगो से मुक्ति व उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति हेतु पूर्णतः सक्षम हैं। क्योकि इस प्रयोग से साधक अपनी स्वयं की शक्ति को केंद्रीत करता हैं।

यदि कोई व्यक्ति उक्त प्रयोग को स्वयं करने में सक्षन नहीं हो तो उसके परिवार का कोई भी सदस्य इस प्रयोग को कर के उस जल को रोगी को पीला सकते हैं।

- मंत्रजप पूर्ण निष्ठा व श्रद्धा से करें।
- महिलाओं के लिये अशुद्धि के दौरान प्रयोग करना निषिध हैं।

महामृत्युंजय मंत्र

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

महामृत्युंजय मंत्र के विधि विधान के साथ में जाप करने से अकाल मृत्यु तो टलती ही हैं, रोग, शोक, भय इत्यादि का नाश होकर व्यक्ति को स्वस्थ आरोग्यता की प्राप्ति होती हैं।

यदि स्नान करते समय शरीर पर पानी डालते समय **महामृत्युन्जय मंत्र** का जप करने से त्वचा सम्बन्धित समस्याए दूर होकर स्वास्थ्य लाभ होता हैं।

यदि किसी भी प्रकार के अरिष्ट की आशंका हो, तो उसके निवारण एवं शान्ति के लिये शास्त्रों में सम्पूर्ण विधि-विधान से महामृत्युंजय मंत्र के जप करने का उल्लेख किया गया हैं। जिस्से व्यक्ति मृत्यु पर विजय प्राप्ति का वरदान देने वाले देवो के देव महादेव प्रसन्न होकर अपने भक्त के समस्त रोगो का हरण कर व्यक्ति को रोगमुक्त कर उसे दीर्घायु प्रदान करते हैं।

मृत्यु पर विजय प्राप्त करने के कारण ही इस मंत्र को मृत्युंजय कहा जाता है। महामृत्यंजय मंत्र की महिमा का वर्णन शिव पुराण, काशीखंड और महापुराण में किया गया हैं। आयुर्वेद के ग्रंथों में भी मृत्युंजय मंत्र का उल्लेख है। मृत्यु को जीत लेने के कारण ही इस मंत्र को मृत्युंजय कहा जाता है।

महत्व: **मृत्युर्विनिर्जितो यस्मात् तस्मान्मृत्युंजयः स्मृतः या मृत्युंजयति इति मृत्युंजय,**

अर्थात : जो मृत्यु को जीत ले, उसे ही मृत्युंजय कहा जाता हैं।

मानव शरीर में जो भी रोग उत्पन्न होते हैं उसके बारे में शास्त्रो में जो उल्लेख हैं वह इस प्रकार हैं। **"शरीरं व्याधिमंदिरम्"** ब्रह्मांड के पंच तत्वों से उत्पन्न शरीर में समय के अंतराल पर नाना प्रकार की आधि-व्यधि उपाधियां उत्पन्न होती रहती हैं। इस लिए हमें अपने शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए आहार-विहार, खान-पान और नियमित दिनचर्या निश्चित समय पर करना पडता हैं। यदि इन सब को निश्चित समय अवधि पर करते रहने के बाद भी यदि कोई रोग या व्याधि हो जाए एवं वह रोग इलाज कराने के बाद भी यदि ठीक नहीं हो एवं सभी जगा से निराशा हाथ लगरही हो तो एसे अरिष्ट की निवृत्ति या शांति के लिए महामृत्युज्य मंत्र जप का प्रयोग अवश्य करें।

शास्त्रों में मृत्यु भयको विपत्ति या संकट माना गया हैं, एवं शास्रो के अनुशार विपत्ति या मृत्य के निवारण के देवता शिव हैं। एवं ज्योतिषशास्त्र के अनुशार दुख, विपत्ति या मृत्य के प्रदाता एवं निवारण के देवता शनिदेव हैं, क्योकि शनि व्यक्ति के कर्मो के अनुरुप व्यक्ति को फल प्रदान करते हैं। शास्त्रो के अनुशार मार्कण्डेय ऋषि का जीवन अत्यल्प था, परंतु महामृत्युंजय मंत्र जप से शिव कृपा प्राप्त कर उन्हें चिरंजीवी होने का वरदान प्राप्त हुवा।

महामृत्युंजय का वेदोक्त मंत्र निम्नलिखित है-

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव

बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात्॥

मंत्र उच्चारण विचार :इस मंत्र में आए प्रत्येक शब्द का उच्चारण स्पष्ट करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि स्पष्ट शब्द उच्चारण मे ही मंत्र कि समग्र शक्ति समाहित होती हैं। इस मंत्र में उल्लेखित प्रत्येक शब्द अपने आप में एक संपूर्ण बीज मंत्र का अर्थ लिए हुए है।

महामृत्युंजय मंत्र

महामृत्युंजय मंत्र का जप आवश्यकता के अनुरूप होते हैं। अलग-अलग उद्देश्य के लिये अलग-अलग मंत्रों का प्रयोग होता है। मंत्र में दिए अक्षरों एवं उसकी संख्या के अनुरुप से उसके प्रभाग मे बदलाव आते है। यह मंत्र निम्न प्रकार से है-

एकाक्षरी मंत्र- हौं । (एक अक्षर का मंत्र)

त्र्यक्षरी मंत्र- ॐ जूं सः । (तीन अक्षर का मंत्र)

चतुरक्षरी मंत्र- ॐ वं जूं सः। (चार अक्षर का मंत्र)

नवाक्षरी मंत्र- ॐ जूं सः पालय पालय। (नव अक्षर का मंत्र)

दशाक्षरी मंत्र- ॐ जूं सः मां पालय पालय। (दश अक्षर का मंत्र)

(स्वयं के लिए इस मंत्र का जप इसी तरह होगा। यदि किसी अन्य व्यक्ति के लिए यह जप किया जा रहा हो तो 'मां' के स्थान पर उस व्यक्ति का नाम लेना होगा)

महामृत्युंजय का वेदोक्त मंत्र निम्नलिखित है-

त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात्॥

